


# क्रिटी चीफ




सम्पूर्ण भारत मे चिर्चत हिन्दी अखबार

वर्ष-15, अंक-13 पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया | इंदौर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024 | राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाये


## लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में पुलिस ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव बरामद हो गए हैं। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल है। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए हैं। इनमें 2 डीआरजी के जवान हैं। मौके से 5 एके-47 बरामद की गई। 4 दिन बाद 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 4 ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किए हैं। कबीरधाम जिले में नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें पकड़वाने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। एसपी अभिषेक पल्लव ने इनाम के साथ ही पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है। सूचना देने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर 78988 15399 भी जारी किया गया है। इसके लिए जवान गांव-गांव में नक्सलियों की तस्वीर वाली पोस्टर दीवारों पर लगा रहे हैं।

## हेमा मालिनी पर बयान का असर सुरजेवाला 48 घंटे नहीं कर सकेंगे प्रचार

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पर चुनाव आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। दरअसल उन्होंने मथुरा से सांसद हेमा मालिनी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। जिसको लेकर उन्हें 16 अप्रैल, 2024 को शाम 6 बजे से 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया गया है। इस दौरान वो किसी सार्वजनिक बैठक, रोड शो, इंटरव्यू में बयान नहीं दे पाएंगे। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने हरियाणा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि हमें लोग विधायक, सांसद क्यों बनाते हैं? हम हेमा मालिनी तो हैं नहीं कि चाटने के लिए बनाते हैं। रणदीप सुरजेवाला के इस विवादित बयान के बाद विवाद काफी बढ़ गया। जिसके बाद रणदीप सुरजेवाला ने इस मामले पर सफाई भी दी। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा उनका (हेमा मालिनी) अपमान करना या फिर उन्हें आहत करना नहीं था। वायरल वीडियो में मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। हालांकि अब चुनाव आयोग ने उन्हें 48 घंटों के लिए चुनाव प्रचार से उन्हें रोक दिया है।

# नव भव्य राम मंदिर में पहला जन्मोत्सव

## सूर्य की किरण से जगमग हुआ रामलला का ललाट

रामनवमी का त्योहार पूरे देश में सम्पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। भगवान राम की नगरी अयोध्या में तो अलग ही उल्लास है। सुबह से भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। हर कोई राम लला की एक झलक पाने और उनके दर्शन को आतुर है। सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। इसी तरह देश के प्रमुख मंदिरों में साज-सज्जा की गई है और विशेष अनुष्ठान किए गए हैं।







### तीन लेंसों से होकर गुजरीं किरणें

दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगी। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी। लंबवत पाइप जाती है। लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर एक और दर्पण लगा है। बढ़ी हुई तीव्रता के साथ किरणें इस दर्पण पर पड़ेंगी और पुन- 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे राम लला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से राम लला का सूर्य तिलक पूरा होगा।

### 12 बजे से हुआ जन्मोत्सव

दोपहर 12 बजे से राम का जन्मोत्सव मनाया गया। केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बने। आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि रामजन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। आचार्य राकेश के अनुसार, ये शुभ योग अयोध्या सहित पूरे भारत की तरक्की के मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### पांच मिनट तक बना रहा टीका

वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग चार मिनट तक टिकी रहीं। यह तकनीक अपनाई गई सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पड़ेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणें एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है।

## एनकाउंटर खत्म राजनीति शुरू, कांकेर मुठभेड़ को पूर्व सीएम बघेल ने बताया फर्जी, विष्णुदेव साय ने दिया जवाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में जवानों ने मंगलवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस एनकाउंटर में 29 नक्सलियों को ढेर किया गया।मंगलवार को बीएसएफ और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 1,000 से अधिक जवानों ने 50 से 60 नक्सलियों को जंगल में घेर कर इस अभियान को अंजाम दिया है। इस एनकाउंटर को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा,हमारी सरकार ने पिछले पांच सालों में नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी



कार्रवाई की है। बीजेपी शासनकाल में कई फर्जी मुठभेड़ हुई हैं जो हमारे शासनकाल में नहीं हुईं। कई फर्जी गिरफ्तारियां हुई हैं। पूर्व सीएम ने आगे कहा कि आदिवासियों को डराया-धमकाया जा रहा है कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पिछले 4 महीनों से वे कवर्धा जिले में भी ऐसी घटनाएं घटी है। फर्जी एनकाउंटर है तो साबित करें भूपेश बघेल- विष्णुदेव साय भूपेश बघेल के कांकेर में नक्सली एनकाउंटर को फर्जी बताए जाने पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा,हर चीज में इनको (कांग्रेस) प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं करना चाहिए। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक को भी उन्होंने काल्पनिक कहा। यह घटना तो उनके ही प्रदेश की है, कैसे सवाल उठा सकते हैं। यह घटना किसी भी तरह से फर्जी है तो उसको प्रमाणित करें।

## रामनवमी पर श्रीराम के स्वरूप में सजे भगवान महाकाल



**उज्जैन।** रामनवमी के अवसर पर उज्जैन में भगवान महाकाल का भगवान श्रीराम के स्वरूप में श्रृंगार किया गया। बुधवार अलसुबह महाकालेश्वर मंदिर के कपाट खोले गए। इससे पहले ही देर रात से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भस्मारती दर्शन के लिए लंबी कतार लग गई थी।दूध, दही, घी, शहद और पानी से अभिषेक के बाद भगवान महाकाल को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रूप में सजाया गया। इसके बाद विशेष पूजा की गई। इस अवसर पर भगवान महाकाल को आभूषणों और सूखे मेवों से सजाया गया। रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही महाकाल महालोक में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रामनवमी को लेकर शहर में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। राम जन्मोत्सव मनाने के लिए शहर के राम मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं।

### राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोला बीजेपी पर हमला

## इंडी गठबंधन के पक्ष में मजबूत लहर

## 150 सीटों तक सिमटेगी भाजपा

**गाजियाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान दोनों ने पहले रामनवमी की बधाई दी। अखिलेश ने कहा, जो पश्चिम से हवा चल रही है वो पूरी देश में फैल रही हैं। आज किसान दुखी है भारतीय जनता पार्टी की हर बातें झूठी हैं। जो सपने दिखाए वो भी अधूरे हैं। मझे पूरी उम्मीद है इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।राहुल गांधी ने कहा, एक तरफ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस सविधान को बचाने की कोशिश कर रही है। मुद्दों के बारे में ना प्रधानमंत्री और ना बीजेपी बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, ये विचारधारा का चुनाव है। इंडी गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रहा है। बेरोजगारी,



महंगाई, भागीदारी ये हमारे मुद्दे हैं। पीएम मोदी समुद्र के नीचे चले जाते हैं या आसमान में चले जाते हैं, उन्हें मुद्दों की परवाह नहीं हैं। कुछ दिन पहले पीएम ने इंटरव्यू दिया, पारदर्शिता की बात की, लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा देने वालों का नाम क्यों नहीं बताया। ये बॉन्ड सीधे तौर पर उगाही है। मालूम हो, कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बजे कई दिन बीत चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोड शो कर चुके हैं। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दिन जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। इसी तरह बसपा प्रत्याशी के समर्थन में मायावती के भतीजे आकाश आनंद भी जनसभा को संबोधित कर चुके हैं, लेकिन अभी तक आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में कोई बड़ा नेता रोड शो व जनसभा को संबोधित करने नहीं पहुंचा था।

### भ्रामक विज्ञापन का मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इतने मासूम नहीं, साथ ही जारी किए निर्देश

# रामदेव, बालकृष्ण एक हफ्ते में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु बाबा रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों मौजूद थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी का संज्ञान लिया, लेकिन यह स्पष्ट किया कि इस स्तर पर हमने रियायत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा, आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। पीठ से रामदेव ने भी कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का



कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे इतने मासूम नहीं हैं कि उन्हें पता ही न हो कि शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था।

**पतंजलि भ्रामक मामले में 23 अप्रैल को होगी सुनवाई-** पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में अब 23 अप्रैल को सुनवाई होगी। उस दिन अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान मुकुल रोहतगी ने कोर्ट से कहा कि रामदेव सार्वजनिक रूप से मामले में माफी मांगना चाहते हैं। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि अदालत सुनना चाहती है कि रामदेव और बालकृष्ण क्या कहना चाहते हैं, उन्हें कहिए वे सामने आएं।ऑडियो में कुछ गड़बड़ी होने के कारण बेंच कुछ मिनटों के लिए उठ गई। बेंच ने चुटकी लेते हुए कहा, ऐसा मत सोचिए कि यह हमारी ओर से कोई सेंसरशिप है।

**अब तक कोई राहत नहीं मिली-** बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावकारिता के बारे में लंबे-चौड़े दावे करने वाली कंपनी की ओर से जारी विज्ञापनों पर शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांग ली है, पर अदालत ने उन्हें अब तक कोई राहत नहीं दी है। 21 नवंबर 2023 को अदालत की ओर से जारी निर्देशोम के उल्लंघन का है मामला न्यायालय में दायर दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान का उल्लंघन करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है।

**पहले लग चुकी है फटकार-** पतंजलि ने 2 और 9 अप्रैल को भी माफी मांगी, कोर्ट ने कहा- ये सिर्फ खानापूर्ति है बाबा रामदेव की तरफ से 2 अप्रैल को जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में माफीनामा दिया गया था। बेंच ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। आपके अंदर माफी का भाव नहीं दिख रहा। इसके बाद कोर्ट ने 10 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की थी। 10 अप्रैल की सुनवाई से ठीक एक दिन पहले (9 अप्रैल को) बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया एफिडेविट फाइल किया। इसमें पतंजलि ने बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है और ऐसा दोबारा नहीं होगा।

**आईएमए ने पतंजलि के खिलाफ लगाई है याचिका-** सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया।

## सिंगल कॉलम

### *जल स्तर बढ़ाने के लिए नगर निगम शहरवासियों के साथ मिलकर करेगा काम*

***इंदौर।*** *शहर में कई स्थान ऐसे हैं जहां पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर जल स्तर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए लोगों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। मंगलवार को निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने जोनल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर रिचार्ज पीट का निर्माण करें। इसके साथ ही बंद पड़े बोरिंग को रिचार्ज पीट के माध्यम से वॉटर रिचार्जिंग करने पर ध्यान दें। उन्होंने जोनल अधिकारी द्वारा बनाए गए प्रेजेंटेशन को देखा। खुले मैदानों, बगीचों में जहां पर जल जमाव होता है, उन स्थानों पर कैसे जल स्तर बढाया जा सकता है, इस पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में यह भी सर्वे करें कि वर्तमान में जल स्तर कितना है। कितने स्थानों पर जल संरक्षण काम किया जा रहा है। जल स्तर को बढाने के लिए शहर के विभिन्न संस्थानों के सहयोग से इंदौर जल संरक्षण अभियान चलाने के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने गर्मी में किन-किन क्षेत्रों में नियमित जल प्रदाय किया जा रहा है, टैंकर नियमित चल रहे या नहीं, उनकी जीपीएस सिस्टम से मॉनिटरिंग करने को कहा। जिन क्षेत्रो में टैंकरों द्वारा ठीक से जलप्रदाय नहीं किया जा रहा है, में पीएचई के सब इंजीनियर को नोटिस देने के भी निर्देश दिए गए।*

### *11 लाख की अवैध शराब पकड़ी, पुलिस को चकमा देकर भागा ड्राइवर*

***इंदौर।*** *इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग के दलों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामचरण डावर के नेतृत्व में गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की पिकअप इंदौर से राऊ होकर धार की तरफ शराब भरकर निकल रही है। आबकारी वृत्त महू अ उपनिरीक्षक अमर सिंह बघेल मय स्टाफ एवं वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर तुरंत बताए गए पते पर नाकेबंदी की गई। वाहन का पीछा कर वाहन को राऊ इंदौर एबी रोड पर पिपलिया मल्हार में ओवरटेक करके रोका गया। वाहन चालक वाहन को रोककर वाहन से उतरकर भागा जिसे स्टाफ ने पकड़ने का प्रयास किया। वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। आबकारी बल द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बोल्ट बियर कैन की 115 पेटियां पाई गई। वाहन व मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया। फरार आरोपी की तलाश जारी है। वाहन व मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य रुपए 11 लाख 31 हजार 200 रूपए है। अवैध मदिरा का संग्रहण एवं परिवहन होने से मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी।*

### *एमजीएम मेडिकल कॉलेज की प्रैक्टिकल परीक्षा में 46स्टूडेंट फेल*

***इंदौर।*** *इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अंतिम वर्ष की परीक्षा के सर्जरी डिपार्टमेंट की प्रैक्टिकल एक्जाम में 46 विद्यार्थियों का रिजल्ट प्रभावित हुआ है। इसके खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। वे धरने पर बैठे। उनका कहना था कि विद्यार्थियों को बेवजह परेशान करने के लिए रिजल्ट इस तरह का जारी किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने इस संबंध में पहले भी कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन दिया था, लेकिन कोई हल नहीं निकलने पर मंगलवार दोपहर पदाधिकारी कॉलेज पहुंचे और डीन डॉ. संजय दीक्षित के सामने नारेबाजी करने लगे। विद्यार्थियों ने कहा कि इतनी संख्या में प्रैक्टिल एक्जाम में विद्यार्थियों को प्रभावित नहीं किया जा सकता है। इसके बाद एबीवीपी पदाधिकारी और विद्यार्थी धरने पर बैठ गए। कॉलेज के प्रोफेसर उन्हें मनाने लगे, लेकिन उन्होंने कहा कि जब तक निराकरण नहीं होगा, धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। कॉलेज प्रबंधन की गलती सर्जरी डिपार्टमेंट के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को काफी कम नंबर दिए गए। यह अंक परीक्षक द्वारा देवी अहिल्य विश्वविद्यालय को भेज दिए गए। जब रिजल्ट में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल एक्जाम में फेल होने का मामला पता चला तो उन्होंने कॉलेज प्रबंधन के सामने आपत्ति जताई। सूत्रों के अनुसार परीक्षक ने 60 अंकों के बजाए 10 अंकों से मूल्यांकन किया गया। कॉलेज प्रबंधन भी अंक विवि में जमा करने से पहले यह गलती पकड़ नहीं पाया। अब कॉलेज प्रबंधन संशोधित अंकों के साथ फिर से अंक विवि को भेजेगा। इसके बाद फिर से रिजल्ट जारी हो सकते हैं।*

# देवी आराधना में डूबी इंदौर नगरी में आज हो रही राम नाम की गूंज

**सिटी चीफ इंदौर।**
नवरात्र की अष्टमी तिथि पर शहर के सभी देवी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हुए। मंदिरों में भक्तों की भीड़ नजर आई। मंदिर ही नहीं घरों में भी कुल परंपरा के अनुसार कुलदेवी का पूजन किया गया। अष्टमी को महागौरी की आराधना की गई और कई स्थानों पर कन्या पूजन भी हुआ। बुधवार को नवमी तिथि पर भी मंदिरों में कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। नवरात्र के समापन दिवस पर घरों में भी कुल देवी का पूजन होगा।एक और जहां देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा वहीं दूसरी ओर शहर के राम मंदिरों में दोपहर 12 बजे जन्म आरती की जाएगी। जन्म आरती के अलावा शहर में भगवान राम की शोभायात्रा भी निकाली जाएगी और कई स्थानों पर भंडारे व भजन संध्या भी आयोजित होगी। बुधवार को नवमी तिथि पर छोटा बांगड़दा रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट में शाम 4 बजे 251 कन्याओं का पाद पूजन आयोजित होगा। बाबाश्री पारमार्थिक ट्रस्ट के जगदीश गोयल ने बताया की आयोजन में आसपास की बस्तियों की जरूरतमंद कन्याओं को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान कई मनोरंजक गतिविधियां भी होंगी और व्यंजन के स्टाल भी लगाए जाएंगे। शाम 7 बजे कन्या पाद पूजन होगा।

**गीता भवन में होगी महाआरती**

गीता भवन में रामनवमी व नवरात्र के उपलक्ष्य में श्रीराम दरबार के समक्ष सुबह यज्ञङ्कहवन किया गया। इसके साथ ही यहां जारी अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति भी हुई। दोपहर 12 बजे राम



जन्मोत्सव की भव्य महाआरती की जाएगी। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी व मनोहर बाहेती ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राम दरबार का मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही यहां दुर्गा सप्तशती पाठ की पूर्णाहुति भी दी जाएगी। महाराष्ट्र समाज महू द्वारा लुनियापुरा के श्रीराम मंदिर में सुबह राम जन्म का कीर्तन होगा। यह कीर्तन संगीता सुपेकर करेंगी। दोपहर 12 बजे श्रीराम की आरती होगी और फिर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

**अयोध्या की तर्ज पर मनाएंगे जन्मोत्सव**

खातीपुरा स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में जन्मोत्सव अयोध्या की तर्ज पर धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह भगवान का अभिषेक होगा, विशेष श्रृंगार कर फूल बंगला सजाया जाएगा और फिर 108 दीपों से जन्म आरती होगी। मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज भी भक्तों को संबोधित करेंगे। मंदिर के महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज व ट्रस्ट के अध्यक्ष जानकी बल्लभ दास महाराज ने बताया कि भगवान का दूध, दही, शहद, पंचामृत से अभिषेक होगा। अभिषेक पश्चात भगवान दरबार मोगरा व गुलाब आदि फूलों से सजेगा। 56 प्रकार के फल व मिष्ठान्न का भोग भी लगेगा।

**पंचकुइया स्थित मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा**

पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर में दोपहर 12 बजे जन्म आरती होगी और शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मंदिर से आरंभ होगी जो रामचंद्र नगर, बड़ा गणपति, कैलाश मार्ग, अंतिम चौराहा होते हुए मंदिर पर संपन्न होगी। फूलों से सजे रथ पर श्रीराम का विग्रह विराजित कर नगर भ्रमण कराया जाएगा।

**दशहरा मैदान पर होगा राम महायज्ञ**

दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ एवं मेले में युग पुरुष धाम बौद्धिक विकास केंद्र के 150 दिव्यांग बच्चों ने रामलला की आरती कर यज्ञ शाला की परिक्रमा की। इसके अलावा यहां आए लोगों से मतदान करने की अपील भी की। आयोजन समिति के संयोजक महेंद्रसिंह चौहान व प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि बुधवार को दिव्य अनुष्ठान में महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। सुबह से निश्शुल्क योग शिविर, श्री राम महायज्ञ किया गया। वहीं शाम 6 बजे रामगीत धुन, सायं 7.30 बजे रामलला मंदिर में आरती एवं रात 8.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

**हंसदास मठ में होगा राम दरबार का श्रृंगार**

बड़ा गणपति पीलियाखाल स्थित हंसदास मठ में चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तहत महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में सुबह दुर्गा सप्तशती पाठ व अन्य अनुष्ठान किए गए। मठ के पं. पवनदास महाराज ने बताया कि बुधवार को 12 बजे राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दुर्गा सप्तशती पाठ की पूर्णाहुति भी सुबह की गई। सुबह भगवान राम का अभिषेक किया गया और राम दरबार का श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्म आरती होगी। श्री श्रीविद्याधाम में होगी महाआरती विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम में महाष्टमी के पर श्री सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में विशेष आहुतियां दी गई। महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य व आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में यह आहुतियां दी गई। आश्रम के यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा व राजेंद्र महाजन ने बताया कि महायज्ञ में मालपुए, खीरान, गन्ना, त्रिमधु, पान, शहद सहित कई व्यंजनों की आहुतियां समर्पित की गई। सौभाग्यवती महिलाओं और कन्याओं का पूजन भी किया गया। राम नवमी पर सुबह श्रीराम यज्ञ हो रहा है। दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम 7.30 बजे 108 दीपों से महाआरती की जाएगी। अन्नपूर्णा आश्रम में होगी महायज्ञ की पूर्णाहुति अन्नपूर्णा आश्रम में शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति बुधवार को महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के सानिध्य में दोपहर 12 बजे होगी। मंदिर के संचालक स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि ने बताया कि नवमी तिथि पर कन्या भोज व कन्या पूजन भी किया गया। श्री आनंद धाम आश्रम ब्राह्मण खेड़ी धरमपुरी में आनंद धाम संस्थापक विवेक महाराज के सानिध्य में शत चंडी हवनात्मक प्रयोग व सहस्त्रार्जन कर्म के अंतर्गत 151 जोड़ों ने सुख-समृद्धि व आरोग्य प्राप्ति के लिए मां भगवती को प्रार्थना की। अंकुश झवर ने बताया कि इस अवसर पर कन्या पूजन व सौभाग्यवती पूजन भी किया गया।

# इंदौर के साथ पीथमपुर, देवास, उज्जैन को शामिल कर बनाएं रीजनल मास्टर प्लान

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर की विकास योजना के लिए मंगलवार को एमपीआइडीसी (मप्र औद्योगिक विकास निगम) परिसर में बैठक हुई। इसमें अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि, विभागीय अफसर आदि मौजूद थे। इसमें इंदौर के औद्योगिक विकास योजना को लेकर कई सुझाव भी आए। सबसे प्रमुख सुझाव यह है कि इंदौर मास्टर प्लान की जगह रीजनल प्लान बनाया जाए, जिसमें इंदौर के साथ पीथमपुर, देवास, उज्जैन को भी शामिल किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह मौजूद थे।एमपीआइडीसी क्षेत्रीय कार्यकारी अधिकारी सपना जैन ने बताया कि इंदौर के भविष्य की योजना को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इसमें ई-कामर्स यूनिट, गारमेंट यूनिट, बीग आइटी कंपनी, नए आइटी पार्क योजना आदि को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उद्योगिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए है। जो सुझाव आए हैं, उन पर काम शुरू किया जा रहा है। इसमें एमपीआइडीसी के अलावा प्रशासन, एनएचएआइ, आइडीए, टाउन एंड कंट्री आदि विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। इसके दो माह बाद दोबारा बैठक आयोजित की जाएगी।

**सुझाव को अमल में लाएंगे**

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से उद्योगिक क्षेत्र में जो अलग-अलग निवेश और विकास है, उसे विस्तार देने को लेकर चर्चा की गई। ताकि इंदौर के विकास को नए आयाम तक पहुंचाया जा सकें। कई सुझाव आए है, जिसमें एयर कनेक्टीविटी बढ़ाने, पूर्वी और पश्चिमी रिंग



रोड पर इंडिस्ट्रियल क्लस्टर, डेडीकेटेड टाउनशिप तैयार की जाए। मास्टर प्लान इंदौर शहर तक समिति रहता है, इसका विस्तार करते हुए रीजनल विकास योजना बनाई जाए, जिसमें पीथमपुर, उज्जैन, देवास को इसमें शामिल किया जाए। जल्द इन सुझावों पर काम करना शुरू कर देंगे।

**यह बोले उद्योगपति**

एआइएमपी अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि मास्टर प्लान में प्रस्तावित शहर की प्रमुख सड़कों की भूमि को पहले सुरक्षित किया जाए। अभी जहां मेजर सड़के प्रस्तावित है, वे ज्यादातर क्षेत्र सरकारी कांकड़ वाली भूमि पर है। देखा जा रहा है कि इन सभी पर अतिक्रमण है। दो-चार झोपड़ियां या गुमटियां आगे लग जाती है, जो पीछे 100 एकड़ की जमीन का रास्ता बाधित कर रही है। अभी से जमीनों को संरक्षित कर अतिक्रमण से मुक्त किया जाए। वर्ना आगे मास्टर प्लान पर अमल मुश्किल हो जाएगा। उद्योगपतियों ने यह भी सुझाव दिया कि आउटर रिंग रोड से जहां-जहां शहर की एंट्री प्लान में दी गई है, वहां पर छोटे-छोटे एमएसएमई क्लस्टर विकसित किए जाए। अभी शहर में करीब तीन हजार उद्योग हैं, जो अपने विस्तार के लिए जगह मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**आइटी पार्क में शुरू होगा उद्योग मित्र कार्यालय**

अब तक कंपनी खोलने और निवेश के लिए आने वाले उद्योगपतियों को कई तरह की अनुमति लेना होती है। जिसके कुछ कार्यालय प्रदेश के अन्य शहरों में है। उद्योगपतियों को एक जगह ही सभी तरह की सुविधा और जानकारी मिल जाए, इसके लिए अतुल्य या क्रिस्टल आइटी पार्क में हेल्प डेस्क के रुप में उद्योग मित्र नाम से एक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है।

## क्षेत्र में पानी की किल्लत है तो नगर निगम के जोनल कार्यालय में करें संपर्क



**सिटी चीफ इंदौर।**
गर्मी के मौसम के कई जगह पानी की किल्लत देखने को मिलती है। ऐसे में यदि किसी भी कालोनी या क्षेत्र में पानी की समस्या है तो नगर निगम वहां पानी के टैंकर निश्शुल्क उपलब्ध करवाता है। किसी को भी पानी की समस्या हो तो वह जोन स्तर पर सहायक यंत्री, वार्ड स्तर पर उपयंत्री, जोनल अधिकारी और नगर निगम के कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकता है। शहर में 83 प्रतिशत घरों तक नर्मदा का पानी पहुंच रहा है। कुछ नई कालोनियां हैं, वहां तक भी जल्द पहुंच जाएगा।यह बात नगर निगम के कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव ने कही। वे मंगलवार को हेलो नईदुनिया कार्यक्रम में गर्मियों में पानी का संकट शिकायत और समाधान पर पाठकों के सवालों के जवाब दे रहे थे। कार्यपालन यंत्री श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में जल आपूर्ति के लिए नगर निगम द्वारा 350 पानी के टैंकर भी संचालित किए जा रहे हैं। रिचार्ज पिट भी योजना भी बनाई गई है, जिससे अब शहर के जिन स्थानों पर बारिश का पानी भरता है। भूजलस्तर बढ़ाने के लिए उस पानी को जमीन में पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान पाठकों की पानी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यपालन यंत्री श्रीवास्तव ने तुरंत संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने सभी की समस्या का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। अब जिन कालोनी में अलग-अलग समय पर पानी आता था, वहां के लिए भी समय तय किया जाएगा। साथ ही मटमैले पानी का भी निराकरण किया जाएगा।




# सावधान...इंदौर में गर्मी का बढ़ेगा असर पारा 40 डिग्री पहुंचने की संभावना

**सिटी चीफ इंदौर।**
बुधवार सुबह आसमान साफ रहा और सूरज रोशनी ने शहरवासियों को सुबह से ही गर्मी का अहसास करवाया। सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 24 डिग्री रहा।बुधवार सुबह शहर में निकली धूप ने तपिश के साथ गर्मी का अहसास करवाया। दिन में हल्के बादल भी छाए। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, बुधवार को शहर में दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं बादल न होने से गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। दिन में उत्तरी व उत्तर पश्चिमी हवाएं आठ से दस किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलेगी। गौरतलब हैं कि मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर पूर्वी हवाएं नौ किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चली। आज शहर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

**आज का मौसम**

शहर में मंलवार को निकली धूप ने गर्मी का अहसास करवाया। दिन में हल्के बादल छाए। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार को दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। बादल न होने से गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। दिन में उत्तरी व उत्तर पश्चिमी हवा आठ से दस किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलेगी।

# इंदौर में बदमाशों ने बुजुर्ग से मुंह दबाकर रुपये लूटे, पहचानने पर चाकू मारा और फोन छीना

**सिटी चीफ इंदौर।**
बाणगंगा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने राह चलते लोगों के साथ लूटपाट की। चाकू मारे और फोन-नकदी छीन ली। पुलिस ने नामजद एफआइआर लिखी है। आरोपितों की तलाश जारी है।

पहली घटना सरला अभियांत्रिकी फैक्टरी के समीप पोलोग्राउंड की है। पुलिस ने 55 वर्षीय सुभाष त्रिंबक सोनेने निवासी परदेशीपुरा की शिकायत पर आरोपित चेतन पुत्र नत्थु भील निवासी लालगली कोली मोहल्ला, अजय पुत्र नत्थु भील, हेमंत पुत्र शंकरलाल फतेहपुरिया निवासी लाल गली कोली मोहल्ला और संदीप उर्फ शांता पुत्र राधेश्याम चौधरी निवासी साउथ गाडराखेड़ी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घटना सोमवार रात करीब नौ बजे की है। बुजुर्ग ड्यूटी पर जा रहा था। रास्ते में बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने पहले पूछताछ की और मुंह दबाकर 1200 रुपये छीन लिए। बुजुर्ग ने रिपोर्ट लिखवाने के लिए कहा। उन्हें डराया कि चारों को पहचान लिया है। आरोपित इसके बाद लौटे और चाकू मारकर मोबाइल भी छीनकर ले गए। मामले में पुलिस ने मंगलवार को चारों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की। दो लोगों को रात में ही हिरासत में ले लिया।

**बाइक सवारों ने फोन लूटे**




बाणगंगा थाना क्षेत्र में दो जगहों पर लूट की घटनाएं हुई है। पुलिस ने एक घटना में आरोपितों की बाइक के नंबर की जानकारी निकाल ली है। आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना अवंतिका नगर में अगरबत्ती कारखाना के पास की है। अनिल पुत्र रघुनाथ मालवीय निवासी अवंतिका नगर ने रिपोर्ट लिखवाई है। उसके साथ दो बदमाशों ने घटना की है। आरोपित मोबाइल छीन कर ले गए है।

घटना में आरोपितों की बाइक (एमपी 09एक्सबी 5995) होना बता चले है। उधर, दूसरी घटना पोलोग्राउंड में साइनो फैक्टरी के समीप हर्ष पुत्र गणेश सूर्यवंशी के साथ हुई है। बाइक सवार दो बदमाश हर्ष से फोन छीन कर ले गए। हर्ष ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने चाकू अड़ा दिया।

# भोज यूनिवर्सिटी कैंपस में नजर आया था तेंदुआ चार ट्रैप कैमरे लगाए, नहीं मिले पैरों के निशान



**सिटी चीफ भोपाल।** शहर के भोज यूनिवर्सिटी कैंपस में तेंदुआ दिखने के कारण आस-पास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बन गया है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम उसे ढूंढने में लगी रही, लेकिन वह जंगल में गायब हो गया है। दरअसल, मंगलवार को रात आठ बजे भोज कैंपस और उसके गेट के पास तेंदुआ का वीडिया सामने आया था। इस वीडियो में तेंदुआ कैंपस में हलचल करता दिखाई दे रहा था। फिर वह गेट के आस-आस चहल कदमी करता दिखाई दे रहा था। इसके बाद वन विभाग की टीम हरकत में आई और उसकी रात को दो बजे तक तलाश करती रही लेकिन तेंदुआ कहीं गायब हो गया। डीएफओ के अनुसार तेंदुए को पकड़ने के लिए रात दो बजे तक 10 कर्मचारियों की टीम लगाई थी। रात को उसे कई बार ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह जंगल में कहीं चला गया है। इसके बावजूद उसकी सर्चिंग की जा रही है। इसके लिए चार ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। सर्चिंग के लिए इंप्रेशन पैड बनाए गए हैं। क्षेत्र में हार्ड स्टेटा होने के कारण तेंदुए के निशान नहीं मिले हैं। चूंकि तेंदुआ काफी खतरनाक और हिसंक होता है इसलिए उसके लिए पिंजरे भी लगाए गए हैं। उसके वीडियो भी बनाए गए हैं। इससे बचने के लिए आसपास में रहने वाले लोगों को हिदायत दी है कि वह सतर्क रहें और अपने घर में ही रहें। अधिकारियों ने बताया कि जिस क्षेत्र में तेंदुआ घूमता दिखाई दिया है। वहां रहवासी क्षेत्र चुना भट्टीए सर्वधर्म पुल कोलार रोड आते हैं। वहीं उसके बीच में कलियासोत नदी है। पास में ही वाल्मी की पहाड़ी का क्षेत्र है। इसके आगे केरवा क्षेत्र लग जाता है। जबकि केरवा और कलियासोत का जो क्षेत्र है वह बाघ और तेंदुए का ही क्षेत्र कहलाता है। इसलिए वहां ऐसे जानवरों का दिखना स्वभाविक है। जबकि भोज यूनिवर्सिटी के कैंपस में 50 परिवार भी रहते हैं। पहले भी देखी गई ऐसे जानवरों की हलचल यहां बतादें कि पहले भी इन जगहों पर बाघ और तेंदुए की हलचल से दहशत का माहौल बन चुका है। अगर 2021 की करें तो 25 दिसंबर को भोज कैंपस के पास स्वर्ण जयंती पार्क भी में तेंदुआ देखा गया था। लेकिन काफी ढूंढने के बाद वह नहीं मिला था। दहशत के चलते पार्क को बंद कर दिया था। इसके अलावा फरवरी 2022 में भी यहां बाघ के घूमने की सूचना मिली थी।

# तलवार और छुरी लेकर धमकाने तीन बदमाश गिरफ्तार




**सिटी चीफ भोपाल।** टीटीनगर पुलिस ने 15 अप्रैल को लोगों को धमकाने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो हाथों में छुरी और तलवार लेकर बाणगंगा में रहने वाले लोगों को डरा धमका रहे थे। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया के अटीटीनगर पुलिस के मुताबिक प्रताप नगर श्यामलाहिल्स निवासी 19 वर्षीय अयान अली उर्फ अन्ना, प्रताप नगर बाणगंगा श्यामलाहिल्स निवासी 20 वर्षीय मोहसिन खान उर्फ पलीत और प्रताप नगर बाणगंगा प्रताप नगर निवासी 44 वर्षीय कमल यादव उर्फ लाले को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के विरूद्ध पूर्व का आपराधिक रिकार्ड मिला है।जिसमें आरोपितों द्वारा टीटी नगर , श्यामलाहिल्स, तलैया, मंगलवारा, गौतम नगर आदि में अपराध दर्ज होना पाया गया।आरोपितों को जेल भेजा गया हैं।आरोपितों 15 अप्रैल को बाणगंगा इलाके में दहशत फैलाने के लिए हाथों में हथियार लेकर सड़क पर घूम रहे थे। मामले में आला अधिकारियों ने संज्ञान लेकर आरोपितों की तलाश शुरू की थी। लग - अलग माध्यमों पर बहुप्रसारित वीडियो को देखा और उस आधार पर एफआइआर दर्ज की थी,उसके बाद से आरोपितों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपितों से धारदार हथियार बरामद कर लिए हैं।

# अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत, एक गंभीर घायल




**सिटी चीफ भोपाल।** ईटखेड़ी थाना इलाके में सोमवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से टक्कर मारने के बाद भाग निकले वाहन के बारे में जानकारी जुटा रही है।ईंटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जनसिंह बरकड़े के मुताबिक 20 वर्षीय योगेश पुत्र हिम्मत सिंह यादव एवं 18 वर्षीय मनीष पुत्र पप्पू यादव ग्राम राताताल में रहते थे। वह चचेरे भाई थे। उनके साथ गांव का संजय यादव भी भोपाल में एक शापिंग माल में काम करते थे। वे लोग बाइक से भोपाल आना-जाना करते थे। सोमवार शाम को वह वापस घर लौट रहे थे। शाम करीब सात बजे वह ईंटखेड़ी स्थित स्वयंवर शादी गार्डन के सामने से गुजर रहे थे, तभी किसी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर घायल अवस्था में उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने योगेश और मनीष को मृत घोषित कर दिया। संजय की हालत भी गंभीर बनी हुई है। दो युवकों की मौत के बाद से गांव में मातम का माहौल है।

# होटल में जिस युवती की हत्या हुई उसके स्वजन नहीं मिले, आधार कार्ड में नाम सही निकला




**सिटी चीफ भोपाल।** शाहपुरा के बाबड़िया कलां स्थित होटल के स्क्वायर में मिले युवती की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित और होटल कर्मचारियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस देह व्यापार में लिप्त महिला महक यादव की तलाश है।वह अपने साथी कुणाल ठाकुर के साथ फरार है। पुलिस को उसकी लोकेशन दिल्ली में मिली है। इसके अलावा पुलिस चार दिन बाद भी मृतका के स्वजन की पहचान में जुटी है। जबकि उसका आधार असली है, उसका नाम सही निकला है।। पुलिस ने अब हरियाणा पुलिस के सहयोग से उसके स्वजनों की तलाश में लगाया है। इधर, फरार आरोपितों के करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ का दौर जारी हैं हम बता दें कि 13 अप्रैल को होटल के स्क्वायर में 27 वर्षीय युवती की कोलार निवासी रितुल पांडे ने गला दबाकर हत्या कर दी गई थी, वह उससे जबरन संबंध बनाने की कोशिश कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने रितुल पांडे को गिरफ्तारी के बाद होटल के कर्मचारी कस्टमर कालोनी कोलार रोड निवासी 35 वर्षीय इंद्रबहादुर सिंह,जनता कालोनी हबीबगंज निवासी 29 वर्षीय सागर उर्फ सुरेंद्र चौहान और होटल मैनेजर होटल के स्क्वायर निवासी 27 वर्षीय योगेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। इधर, महक यादव के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपित महक का लड़कियों के फोटो कुणाल ठाकुर के माध्यम से अन्य होटलों में भी भिजवाती थी, इमें शाहपुरा के और भी होटलों में उसके लड़कियों के फोटो भेजने की जानकारी मिली है। अब पुलिस महक की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में राजफाश करेगी कि वह किन होटलों में लड़कियों को भेजा करती थी।इस रैकेट ने एक सवाल खड़ा कर दिया है कि यह देह व्यापार का धंधा होटल में चल रहा था और पुलिस को इसकी भनक तक हीं थी। इस मामले में पुलिस महक की कुछ साथी महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शाहपुरा पुलिस की टीम ने कुणाल के एक औ साथी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस यह पता करने की कोशिश में लगी है कि यह रैकेट कहां तक फैला है। महक के पांच से ज्यादा आधार कार्ड शाहपुरा पुलिस को इस देह व्यापार के धंधे की मुख्य आरोपित महक यादव की गिरफ्तारी में सबसे ज्यादा दिक्कत उसके आधार कार्ड से आ रही हैं उसके पांच से ज्यादा आधार कार्ड पुलिस को मिले हैं, कुछ में फोटो और नाम भी बदला हुआ हैं इस मामले में आने वाले समय में और भी गिरफ्तारी होने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है।

# मिर्जापुर तीन के अभिनय करते नजर आएंगे शहर के उदय



**सिटी चीफ भोपाल।** ओटीटी पर चमक बिखेरने वाली मिर्जापुर वेबसीरीज के तीसरे सीजन में शहर के उदय अठारौलिया अपने अभिनय का जादू बिखेरते नजर आएंगे। वह वेबसीरीज में लाखा पहलवान का किरदार निभाते दिखाई देंगे। उदय भोपाल के रंगमंच कलाकार हैं। उन्होंने इससे पहले फिल्म खानदानी शिफाखाना, बजरंगी भाईजान, वीरप्पन और गब्बर इज बैक और महारानी वेब सीरीज में भी काम किया। वह इस वेब सीरीज में अली फजल के साथ कैमियो करते नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म में कालीन भैया भी नहीं है और हमारे पहलवानों का कार्यक्रम करने के लिए मैं अली फजल गुड्डू पंडित के साथ नजर आऊंगा। पहले सीजन के बाद दूसरे में मेरा रोल नहीं था। मगर मैं तीसरे सीजन में और बूढ़ा हो गया हूं, एक गैंगस्टर पहलवान के रूप में नजर आऊंगा। इस फिल्म के रोल की बात करूं तो यह मुझे कास्टिंग वे कंपनी द्वारा रोल मिला था। इसमें मुझे अभिषेक बैनर्जी और अनमोल अहूजा ने चयनित किया था। इससे पहले मैं उदय मिर्जापुर एक में पहलवानों के सरदार के रूप में नजर आया था। इसके अलावा एक और अन्य फिल्म लल्ला में डीएसपी की भूमिका में नजर आऊंगा। यह फिल्म राजस्थान के चर्चित मर्डर केस टेलर कन्हैया लाल पर बन रही है। मैं इस फिल्म में खुद एक डीएसपी की भूमिका में हूं। इस फिल्म में मशहूर कलाकार विजय राज भी दिखाई देंगे। उदय हाल ही में भोपाल आए थे। उन्होंने बताया कि भोपाल मेरी कर्मभूमि है। हमने यहीं से अभिनय सीखा है।

# भोपाल के अयान ने यूपीएससी में मप्र से किया टाप, देश में 16वां स्थान

**सिटी चीफ भोपाल।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सर्विसेस परीक्षा 2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। भोपाल से 11 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। किसी ने पहले प्रयास में सफलता पाई, तो किसी ने पांचवें प्रयास में सफलता पाई। अभ्यर्थियों को कहना है कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए, मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी। इसमें भोपाल के अयान जैन ने आल इंडिया 16 वां स्थान हासिल किया है। इस साल भोपाल से टाप फाइव रैंक हासिल करने वाले कैंडिडेट्स पुरुष है। मप्र में पहला स्थान हासिल करने वाले अयान श्रीवास्वत हैं तो दूसरा स्थान तेजस अग्निहोत्री ने प्राप्त किया। भोपाल के दो भाई सचिन गोयल और समीर गोयल ने आल इंडिया को 209वीं और 222वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार को गौरव बढ़ाया।सागर की दो सहेलियों साक्षी और



**सोफिया का हुआ चयन यूपीएससी में**

सागर के सदर बाजार निवासी साक्षी दुबे और शुक्रवारी वार्ड निवासी सोफिया सिद्धिकी का चयन हुआ है। दोनों सहेलियां हैं और दोनों ने घर पर रहकर ही तैयारी करते हुए सफलता हासिल की है। साक्षी दुबे के पिता राजीव दुबे ठेकेदारी करते हैं। साक्षी ने छह और इससे ज्यादा घंटों तक लगातार पढ़ाई करते हुए 654 वीं रैंक हासिल की है। भाई-बहन के मार्गदर्शन के बाद हासिल की सफलता सोफिया सिद्धिकी ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए देश में 758 वीं रैंक हासिल की है। उनकी मां व पिता का निधन हो चुका है, लेकिन उन्होंने आनलाइन व्यापार करने वाले अपने बढ़े भाई इशराक आलम सिद्धिकी, बड़ी बहन शाजली सिद्धिकी के मार्गदर्शन में तैयारी करते हुए सफलता हासिल की है। सोफिया ने बताया कि सदर की साक्षी और मैं अच्छी दोस्त हूं। हम दोनों साथ में पढ़ें हैं और कई विषयों पर आपस में चर्चा करते हुए सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि सफलता में बढ़े भाई-बहनों का सहयोग रहा।

# इस सत्र से स्नातक चार वर्षीय आनर्स कोर्स होगा कॉलेजों में प्रवेश की तैयारियां शुरू



**सिटी चीफ भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस सत्र से स्नातक (यूजी) का चार वर्षीय आनर्स पाठ्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की समित बना दी गई है। पहले स्वशासी कालेजों में चार का आनर्स कोर्स होता था, लेकिन अब उच्च शिक्षा विभाग ने अन्य कालेजों को भी यह अवसर देगा ।इसमें रिसर्च विद आनर्स और दूसरा आनर्स होगा। इसमें स्नातक वाले कालेजों में आनर्स का और पीजी वाले कालेजों में रिसर्च विद आनर्स का पाठ्यकम शुरू किया जाएगा। कालेजों का नया सत्र जुलाई से शुरू होगा। इसमें केवल उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके 7.5 सीजीपीए या उससे अधिक अंक होंगे। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। खास बात यह है कि जो यूजी कालेज स्नातक चतुर्थ वर्ष के लिए मापदंड पूरे करेंगे, उनमें ही प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। उन कालेजों को प्राथमिकता रहेगी, जहां पीजी कोर्स संचालित हैं। यूजी चौथा साल दो तरह का होगा यूजी का चतुर्थ वर्ष दो तरह का रिसर्च विद आनर्स और आनर्स होगा। विद्यार्थियों को खुद तय करना होगा कि वे इनमें से क्या लेते हैं। स्नातक कालेजों में आनर्स बेस्ड होगा ।वहीं पीजी कालेजों में रिसर्च बेस्ड स्नातक शुरू किया जाएगा ।विद्यार्थियों के लिए आनर्स करना एच्छिक होगा, नहीं तो तीन साल बाद भी वे स्नातक की डिग्री ले सकते हैं। 1200 विशेषज्ञ मिलकर तैयार कर रहे हैं पाठ्यक्रम विभागीय अधिकारी ने बताया कि अब तक स्नातक चतुर्थ वर्ष का पाठ्यक्रम 80 फीसद पूरा कर लिया गया है ।20 फीसद प्रवेश प्रक्रिया पूरी होते कर लिया जाएगा ।इसमें 78 विषय होंगे । इस पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए 1200 विशेष लगे हैं ।12वीं का परिणाम अप्रैल अंत में घोषित होने के बाद मई के पहले या दूसरे सप्ताह से यूजी व पीजी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# राजधानी में दुर्गाष्टमी के शुभ मुहूर्त पर हुई 441 रजिस्ट्रियां



नये वित्तीय वर्ष में भले ही जिले के 1443 स्थानों पर प्रापर्टी के दाम पांच से 95 प्रतिशत तक बढ़ गए हों लेकिन प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त पर कोई असर नहीं दिख रहा है।लोग अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार प्लाट, मकान की खरीदारी कर रहे हैं। नवरात्र में दुर्गाष्टमी के शुभ मुहूर्त में 441 खरीदारों ने रजिस्ट्रियां कराई हैं। जिससे पंजीयन विभाग को लगभग तीन करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।जानकारी के अनुसार शहर के आइएसबीटी, परि बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालय में सुबह 10 बजे से प्रापर्टी के खरीदार पहुंचना शुरू हो गए थे। उन्होंने दुर्गाष्टमी के शुभ मुहूर्त में रजिस्ट्री कराने के लिए एक दिन पहले ही सेवा प्रदाताओं से स्लाट बुक करवा लिए थे। इस अवसर पर हुई 441 रजिस्ट्रियों में घर और प्लाट की हैं। इससे स्पष्ट है कि लोगों ने अपने आशियाने के लिए शुभ मुहूर्त में दस्तावेज रजिस्टर्ड कराए हैं। नये वित्तीय वर्ष में अब तक लगभग दो हजार रजिस्ट्रियां दर्ज की जा चुकी हैं और इससे लगभग 10 करोड़ रुपये का राजस्व विभाग को मिला है। अब रामनवमी पर अवकाश होने से पंजीयन कार्यालय बंद रहेंगे। ऐसे में गुरुवार को ही खरीदार रजिस्ट्री करवा सकेंगे।

सामपदकीय

# बीजेपी अपने वादों को कितना कर पाएगी पूरा?

*किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वादों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वादों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वादे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर मोदी की गारंटी का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वादों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा। बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वादों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वादों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वादों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें।*

# राम की संस्कृति, और संस्कृति के राम

***राम ने आदर्श राजा का वह चरित्र हमारे समक्ष प्रस्तुत किया, जिसने रामराज्य की स्थापना की। रामराज्य की अवधारणा एक आदर्श शासन की अवधारणा है जो राज्य की खुशहाली का प्रतीक है। राम वह राजा हैं, जिनके लिए प्रजा का सुख ही सर्वोपरि है, अन्य कुछ नहीं।***



विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक भारतीय संस्कृति भारत देश के शीश का मुकुट है। भारतीय जनमानस की यह एक अमूल्य निधि है, भारत की माटी का यह गौरव है। भारतीय संस्कृति के आयाम - धर्म, दर्शन, साहित्य, संगीत आदि में एक नाम, जिसके स्मरण मात्र से अंतस में जिजीविषा, धैर्य एवं साहस का प्रस्फुटन होता है, जीवनदायी शक्ति प्राप्त होती है, वह है- राम। राम भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं, नैतिक मूल्यों के प्राण हैं, मानवता के अधिष्ठाता हैं। वास्तविक अर्थ में राम ही समूची संस्कृति हैं। राम की संस्कृति से आशय भारतीय संस्कृति से है। राम भारतीय संस्कृति के वे सूर्य हैं, जिन्होंने पूरे राष्ट्र को दिशा- दिगंत अपने आदर्श गुणों की रश्मि से दैदीप्यमान किया है। राम का चरित्र एक ऐसा चरित्र है जो जीवन का पथ प्रदर्शक है, दिग्दर्शक है। हमें राम की संस्कृति मन, वचन, कर्म से जीवन के प्रत्येक क्षण में ग्रहण करने की आवश्यकता है ताकि हर ओर राम राज्य व्याप्त हो। आइए राम की संस्कृति को जानें और यदि हो सके तो उसका अनुकरण भी करें। रघुकुल शिरोमणि राम यदि चाहते तो वनवास नहीं भी जाते। उन्हें वनवास हेतु कोई बाध्य भी नहीं कर सकता था और फिर पिता भी तो यही चाहते थे कि वे वन को न जाएं परंतु पिता द्वारा अपनी विमाता को दिए गए वचन का मान रखने हेतु वे सारा राजसी वैभव त्यागकर वन जाने के लिए सहर्ष ही तैयार हो गए। कल्पना कीजिए, क्या कोई सहज ही अपने राजमहल को छोड़कर वल्कल वस्त्र धारण कर जंगल की पर्णकुटी में 14 वर्षों तक रह सकता है केवल इसलिए कि पिता का वचन झूठा न हो? पिता का मस्तक ऊंचा रखने वाले, पिता के लिए अपने सुखों का त्याग करने वाले एक आदर्श पुत्र की यह छवि केवल राम के चरित्र में दृष्टिगत होती है। प्रत्येक देश, काल, परिस्थिति में प्रत्येक व्यक्ति को सत्ता की लालसा रही है और इसे पाने के लिए उसका अभिलाषी मन जब- तब विद्रोह पर भी उतरा है। इतिहास हमें बताता है कि मुगलकाल में सत्ता पाने के लिए औरंगजेब ने अपने ही सगे भाई दारा शिकोह की हत्या करवा दी और अपने पिता शाहजहां को बंदी बना लिया। यहां तक कि सम्राट अशोक के बारे में भी यही कथन है कि उसने भी सिंहासन पाने के लिए अपने भाइयों की हत्या की। सत्ता की चाह में कुछ भी कर जाने वालों के लिए राम एक दृष्टांत हैं। इस स्थिति से अवगत होने पर भी कि अयोध्या में अब उनके स्थान पर भाई भरत का राज्याभिषेक होगा और राम को पूरे चौदह वर्ष का वनवास भोगना होगा, वे तटस्थ ही रहे और भरत के प्रति उनके मन में तनिक भी ईर्ष्या, द्वेष नहीं जागा। उनका यह गुण भ्रातृ-प्रेम, भाईचारे का एक सशक्त उदाहरण है जो महर्षि वाल्मीकि की रामायण, तुलसी की मानस के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं नहीं मिलेगा। (अन्य भाषाओं में रचित रामायण व राम पर आधारित रचना- ग्रन्थों में भी) राम एक आदर्श पति की संकल्पना हैं जिन्होंने अपनी पत्नी सीता से आजीवन प्रेम किया और अपने पति के धर्म को निष्ठापूर्वक निभाया। अपने पूरे जीवनकाल में उन्होंने पत्नी सीता के समकक्ष किसी को भी स्थान नहीं दिया। वर्तमान समाज में वैवाहिक संस्था के विखंडन और विवाह जैसे पवित्र बंधन को एक हंसी- खेल बना दिए जाने की स्थिति में राम एक अपवाद हैं। सीता का हरण होने पर राम उनकी खोज में व्याकुल होकर वन- वन भटकते रहे, उनका पता मिलने पर सौ योजन के अथाह सागर पर सेतु बनाया, रावण से युद्ध लड़ा और अंततः उन्हें पुनः पाया। अयोध्या आने पर सीता के परित्याग के समय राम के सामने दूसरे विवाह का भी विकल्प था, यदि वे चाहते। वे राजा थे, ऐसा करना उनके लिए कोई कठिन कार्य नहीं था परंतु उन्होंने आजीवन सीता के सिवाय अपनी पत्नी के रूप में किसी और की अपने स्वप्न में भी कल्पना नहीं की। आज पत्नी के घर में रहते हुए ही श्रीमान पति बिन बताए बाहर जाकर भारतीय हिन्दी सिनेमा से प्रेरित होकर निर्देशक डेविड धवन की फिल्म बीबी नम्बर वन का रीमेक बना लेते हैं या शादी में इतना भरपूर दहेज न मिल सका, जिससे उनका जीवन सुख- सुविधापूर्ण हो जाता तो तलाक देकर दूसरा विवाह पलक झपकते ही कर लेते हैं या फिर अपने हक के लिए लड़ रही पत्नी को ही रास्ते से हटा देने में जरा भी हिचकते नहीं। ऐसी मानसिकता से ग्रसित व्यक्तियों को राम का मनन करके अपनी सोच पर घड़ों पानी डालना चाहिए। राम का स्त्री दृष्टिकोण महान है। आज अपने आस-पास देखने पर हम पाते हैं कि स्त्रियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण कितना ओछा है? हमारी बहन- बेटियाँ आज असुरक्षा की भावना से घिरी हुई हैं। उनके साथ शोषण, बलात्कार जैसी वीभत्स घटनाएँ हो रही हैं, जो हृदय विदारक हैं। यदि समाज राम के इस गुण का अनुपालन करे तो सचमुच राम राज्य आ जाएगा। राम ने अपने पूरे जीवन काल में अपनी पत्नी सीता के अतिरिक्त किसी अन्य स्त्री को आँख उठाकर नहीं देखा। नारी सम्मान के प्रति वे सदैव संकल्पबद्ध रहे। नारी के उद्धार के लिए वे प्रति पल प्रतिबद्ध रहे, अहिल्या का प्रसंग ये इंगित करता है। रामायण में जितने भी नारी पात्र हैं, उन समस्त नारी पात्रों के साथ राम ने सदैव आदरपूर्ण व्यवहार किया, राम ने मनुस्मृति के श्लोक (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।) को जीवन में ज्यों का त्यों चरितार्थ किया। समाज में होने वाले जातिगत भेदभाव, ऊँच- नीच के भेदभाव से हम सब सभी भली- भाँति परिचित हैं। भारतीय सामाजिक व्यवस्था में यह एक बहुत बड़ा अवरोध है। राम सामाजिक एकता, सामाजिक सौहार्द व आपसी सद्भाव का संदेश हमें शबरी के पास जाकर और उनके जूठे बेर खाकर देते हैं। राम का भील जाति की शबरी की कुटिया में जाना इस बात का प्रमाण है कि कोई मनुष्य छोटा- बड़ा नहीं, सब एक बराबर हैं। हमें हर एक प्राणी के लिए अपने हृदय में समता का भाव रखना चाहिए। राज-पाट के मोह में किए गए कितने ही प्रपंच विगत के पन्नों पर अंकित हैं परंतु राम- से राजा केवल राम ही हैं।

राम ने आदर्श राजा का वह चरित्र हमारे समक्ष प्रस्तुत किया, जिसने रामराज्य की स्थापना की। रामराज्य की अवधारणा एक आदर्श शासन की अवधारणा है जो राज्य की खुशहाली का प्रतीक है। राम वह राजा हैं, जिनके लिए प्रजा का सुख ही सर्वोपरि है, अन्य कुछ नहीं और इसके लिए समय आने पर वे अपनी जीवनसंगिनी सीता जो कि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार उस समय गर्भवती थीं, उन तक का परित्याग कर देते हैं। इस बात पर कहीं- कहीं विद्वज्जन राम को कटघरे में भी खड़ा कर देते हैं। सर्वप्रथम तो यह कि राम कोई साधारण प्राणी नहीं अपितु भगवान विष्णु के अवतार थे। स्वाभाविक है कि उन्हें सीता (जो कि स्वयं माँ लक्ष्मी का अवतार थीं) की वस्तुस्थिति ज्ञात थी परंतु उन्होंने प्रजा के हित में निर्णय लिया। राम वास्तव में लोकतंत्र की सच्ची परिभाषा हैं। निस्संदेह सीता का परित्याग एक सामान्य घटना नहीं है। इस पर रोष होना आम बात है। यहाँ इस पर भी ध्यान देना आवश्यक है कि राम ईश्वर के अवतारी थे। जो ईश्वर की लीला जानता है, वही समझ सकता है कि राम के अवतार में ईश्वर की यह लीला इस बात का संकेत है कि एक राजा के रूप में राज्य के सुख- चैन के लिए यदि अपना सर्वस्व भी दाँव पर लगाना पड़े तो भी पीछे नहीं हटना चाहिए। राम की संस्कृति में जीव-प्रेम, जीव-दया का भी विशेष महत्व है। राम जीव- प्रेम, जीव-दया के पर्याय हैं। वनवासी जीवन में उनका पशु- पक्षियों से मित्रवत व्यवहार रहा। वे सीता के रावण द्वारा हरण कर लिए जाने की घटना के समय वन में विचरण करने वाले खग- मृग से अपना दुख साझा करते हैं। जटायु द्वारा सीता को बचाने के प्रयास में घायल होने पर घायल जटायु को अपनी गोद में रखकर उसकी सेवा- सुश्रुषा करते हैं। जटायु के उनकी गोद में प्राण त्याग देने पर पिता समझकर उसका अंतिम संस्कार व पिंडदान करते हैं। सेतु निर्माण के दौरान एक गिलहरी द्वारा अपने शरीर पर अपनी सामर्थ्य अनुसार समुद्र की रेत को चिपकाकर सेतु पर जाकर झाड़ देने के कार्य का सम्मान कर राम ने उसकी पीठ पर हाथ फेरकर अपना आशीष दिया। यह प्रसंग इस बात का द्योतक है कि हमें हर एक के अपनी सामर्थ्य से किए गए सहयोग के प्रति आदर भाव रखना चाहिए। उनकी सेना वानर सेना थी तथा पक्षीकुल के अनेक जीवों की सहभागिता से उन्होंने लंका पर चढ़ाई की और विजय पाई। राम की संस्कृति में उनके लोक नायक होने का साक्ष्य मिलता है। राम में नेतृत्व का अद्भुत कौशल था। उनमें प्रबंधन की योग्यता थी। अपने मित्रगणों पर प्रेम, विश्वास व यथास्थिति उन्हें नेतृत्व का अवसर प्रदान कर उन्होंने सौ योजन का समुद्र पार कर लंका विजय प्राप्त की। राम सच्चे मैत्री भाव को परिभाषित करते हैं और बताते हैं कि जीवन में मित्र कैसा होना चाहिए। राम ने सुग्रीव से मित्रता करने के पश्चात उसके भाई बालि का वध करके उसकी पत्नी से उसका मेल कराया व राज्य वापस दिलाया। राम की दृष्टि में सच्चे मित्रों के सुख- दुख साझा होते हैं। ऐसा तथाकथित मित्र जो मुँह पर तो प्रिय बोले परंतु पीछे बुराई करे, हमें ऐसे मित्र से दूर रहना चाहिए। लंका विजय के पश्चात राम विभीषण को लंका सौंप देते हैं। भाई लक्ष्मण के कहने पर कि क्यों न लंका में ही रहा जाए, वह उत्तर देते हैं - अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। (वाल्मीकि रामायण) राम का यह कथन मातृभूमि के प्रति उनके अनन्य, अगाध प्रेम को प्रकट करता है, जिसके आगे सोने से मढ़ी हुई लंका भी कुछ नहीं। राम प्रकृति प्रेमी हैं। रामराज्य में प्रकृति प्रेम, पर्यावरण-संरक्षण आदि का वर्णन तुलसी ने अपनी रामचरितमानस में किया है। रामराज्य में प्रकृति के नैनाभिराम दृश्य मानस की चौपाइयों में जीवंत हुए हैं, जहाँ प्रकृति की छाया में राम रम रहे हैं। पग-पग पर मयार्दा का पालन करने वाले मयार्दापुरुषोत्तम राम सहृदयता, दयालुता करुणा के साथ पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक मूल्यों की आधारशिला हैं। ऐसे ही हैं भारतीय संस्कृति के राम तथा ऐसी ही है राम की संस्कृति, जिसका अनुसरण जीवन का पथ प्रशस्त करने वाला है

# राम नवमी विशेषः जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि



महर्षि ! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए हैं और 'राम' नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान, धैर्ययुक्त, जितेन्द्रिय, बुद्धिमान, प्रियवक्ता, शत्रुओं के नाशक, धर्म के जाननेवाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल,आर्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धेयं में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे,क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं। जब-जब धर्म का ह्रास होता है और नीच अभिमानी राक्षस बढ़ जाते है और वे ऐसा अन्याय करते हैं कि जिसका वर्णन नहीं हो सकता तथा ब्राह्मण, गो, देवता और पृथ्वी कष्ट पाते हैं, तब-तब वे कृपानिधान प्रभु भांति-भांति के (दिव्य) शरीर धारण कर सजनों की पीड़ा हरते हैं। वे असुरों को मारकर देवताओं को स्थापित करते हैं, अपने (श्वास रूप) वेदों की मर्यादा की रक्षा करते हैं और जगत में अपना निर्मल यश फैलाते हैं।रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु के कुल में अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुए भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दुःखी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लियाद्य इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। राम शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है वह जो रोम रोम में बसे। श्रीरामस्तोत्र में वर्णन है- लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम्। कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्येद्य अर्थात लोकों के आकर्षक, युद्ध में साहसी, राजीव(कमल) नेत्र वाले, रघुवंश के नाथ, कारुण्य स्वरुप, दयामयी हृदय वाले, ऐसे श्री राम चंद्र की शरण में हम आश्रय लेते हैंद्य यदि हम सामाजिक,ऐतिहासिक आदि रूपों से देखेंगे तब भी यह परिभाषा सर्वथा उपयुक्त बैठती है। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां राम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं जो राम भक्ति से अछूता हो। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय जनमानस में बसते हैं। यहाँ पिछले सहस्त्रों वर्षों से आजतक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराय। यदि कोई जिज्ञासावश जानना चाहे कि रामराय के इतने सहस्राब्दियों के बाद भी क्यों सब के इतने सहस्राब्दियों के बाद भी क्यों सब रामराय चाहते हैं तो उत्तर आता है करुणानिधान भगवान श्री राम की महानता। भगवान श्री राम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मर्यादा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।भगवान श्रीराम की महानता अथाह है। उनके अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम से उन्होने यज्ञरक्षा कर ऋषियों को भयहीन किया , उनका अनुपम बल ही खर, दूषण आदि का काल बना, वे ही शील के मूर्त स्वरूप है। धनुष भंग करने का सामर्थ्य होनेपर भी वा सभा मे शांति से बैठे थे और गुरुआज्ञा मिलने पर ही गए, पितृभक्ति ऐसी की पिता का वचन कभी मिथ्या न होने दिए भले स्वयं कष्ट सहे, त्याग ऐसा कि जब कुछ ही समय मे राजतिलक होना था तब भी वल्कल पहनकर वनगमन करने मे संकोच नहीं किया, ज्ञान वेद शास्त्रादि अनेकों ग्रंथों का,मातृभूमि के प्रति प्रेम इतना कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या नगरी के बारे मे कभी बुरे शब्द सुनना तक नहीं सहा, धर्म परायण ऐसे जो साधुओं का दुःख सुनकर बोल उठे निशिचर हीन करहु महि, भुज उठाए पन कीन्ह। अनुजों से स्नेह ऐसा कि युगो तक उनके उदाहरण दिए जाते हैं, सीता माता से ऐसा प्रेम किया आज भी कई लोग संबोधन के रूप मे सीताराम ही बोलते हैं, सत्यवादी ऐसे कि 'रामो द्विर्नाभिभाषते' आज प्रेरणा वाक्य है,शबरी को स्वयं नवधा भक्ति का उपदेश देकर सामाजिक सौहार्द के प्रतीक बने, सुग्रीव की कठिन समय मे सहायता कर सचे मित्र होने का अर्थ समझाया, घोषणा करके समाज मे नारियों के सम्मान की शिक्षा दी-

अनुज बधू भगिनि सुत नारी, सुन सठ कन्या सम ए चारि। इन्हे कुदृष्टि बिलोकि जेई, ताहि बधे कछु पाप न होई॥ राम अपने भक्तों के सामर्थ्य से भली भांति परिचित हैं तभी वह हनुमान को ही मुद्रिका देते हैं, भगवान राम की उदारता ऐसी है कि जो सम्पत्ति रावण को दस शीशों के दान के बाद मिली वो सम्पत्ति वो विभीषण को तो उसके आगमन के साथ दे देते है। यह परमपुनीत भगवान का बड़प्पन ही है जो पापियों को भी सुधरने का अवसर देते, रावण के पास भी उन्होने शांतिदूत अंगद को भेजा थे। मातृभक्ति ऐसी की कभी मन मे भी कैकयी माता के प्रति द्वेष भाव न रखा और वापस आ कर सर्वश्रेष्ठ शासक बन कर दिखाए जिनका उदाहरण लोग कई युगो बाद आज भी देते हैं- दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा॥ सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती॥ भगवान राम के कई मित्र हुए। हर वर्ग के व्यक्तियों के साथ भगवान राम ने समभाव के साथ मित्रता की भूमिका निभाई। सभी संबंधों को भगवान श्री राम ने हृदय से निभाया। चाहे वो निषादराज या विभीषण और केवट हो या सुग्रीव। इसके अलावा भगवान श्री राम में बड़े दयालु हुए। उन्होंने अपनी दयालुता की वजह से मानव, पक्षी और दानव सभी के कल्याण की बात की। रामायण में भगवान श्री राम के चरित्र का जिक्र किया गया है, जो उन्हें धर्म के प्रति समर्पित इंसान के तौर पर प्रस्तुत करता है। भगवान् श्री राम ने माता पिता की आज्ञा का पालन किया,परन्तु अवसर आने पर जेष्ठों को भी उपदेश किया है, उन्होंने अपने माता-पिता से यह भी कहा कि वनवास के दौरान दुखी न हों। जिस कैकेयी के कारण राम जी को चौदह वर्ष वनवास हुआ, उस कैकेयी माता को वनवास से आने पर पहले की भांति ही प्रेम किया। आज भी आदर्श बंधु प्रेम को राम-लक्ष्मण की उपमा देते हैं। श्रीराम एक पत्नीव्रत थेद्य सीता का त्याग करने के उपरांत श्रीराम विरक्ति से रहे । आगे यज्ञ के लिए पत्नी की आवश्यकता होने पर भी दूसरा विवाह न कर, उन्होंने सीताजी की प्रतिकृति स्वयं के पास बिठाई। राम ने सुग्रीव, विभीषण आदि के संकट काल के समय उनकी सहायता की। आदर्श राजा के रूप में वर्णन है कि भगवान श्री रामने वनवास से लौटने के बाद रायाभिषेक के बाद अपना सारा राय श्री गुरु वसिष्ठ के चरणों में अर्पित कर दिया; क्योंकि उनका मत था कि समुद्र से घिरी इस पृथ्वी पर राय का अधिकार केवल ब्राह्मणों को ही प्राप्त होता है। प्रजा द्वारा जब सीताजी के विषय में संशय व्यक्त किया तो उन्होंने अपने व्यक्तिगत सुख का विचार न कर, राजधर्म के रूप में अपनी धर्मपत्नी का त्याग किया ।

# वॉर 2 से ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर का लुक हुआ लीक, दोनों स्टार्स के बीच दिखेगा धमाकेदार एक्शन



निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म वॉर 2 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं, जिसकी वजह है फिल्म में दो दमदार हीरो का एकसाथ होना। इस फिल्म में ऋतिक रोशन हीरो को किरदार निभाएंगे, जबकि जूनियर एनटीआर विलेन के रोल से तहलका मचाते नजर आएंगे। फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। वॉर 2 बनने की जब से बात शुरू हुई है, तभी से फैंस इसकी हर एक जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू हुई है। अब फिल्म से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का लुक लीक हो गया है। जोकि सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है।

**फिल्म की शूटिंग** फिल्म वॉर 2 में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर को देखकर फैंस की उत्सुकता दोगुनी हो गई है। क्योंकि फैंस ने यह कभी नहीं सोचा था कि कोई हीरो (जूनियर एनटीआर) विलेन का रोल भी निभा सकता है। सभी को यही लग रहा था कि फिल्म में दोनों ही हीरो के किरदार में नजर आएंगे। दोनों स्टार्स ने कुछ समय पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू की है। वॉर 2 में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही में दोनों एक्टर्स ने कुछ एक्शन सीन्स शूट किए हैं। इसी बीच दोनों का लुक सोशल मीडिया पर लीक हो गए है। इस फिल्म में ऋतिक और एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी भी धमाल मचाएंगी।

**सेट से लीक हुआ लुक** जहां ऋतिक रोशन सेट पर सूट में नजर आए, वहीं जूनियर एनटीआर ब्लैक कार्गो और टी-शर्ट में दिखाई दिए। जूनियर एनटीआर फिल्म में खूंखार विलेन बने हैं। सोशल मीडिया पर लीक हुई इस तस्वीर में ऋतिक रोशन ब्लैक कॉफी या चाय पीते नजर आ रहे हैं, जबकि जूनियर एनटीआर अभी-अभी शूटिंग के सेट पर पहुंचे हैं।

**ऋतिक-एनटीआर का किरदार** फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन एक जासूस के किरदार में नजर आएंगे। जिसका नाम कबीर है, जैसा की पहली फिल्म में था। लेकिन अगर बात जूनियर एनटीआर की करे तो वह फिल्म में विलेन बनकर एंट्री मारेंगे। वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच तगड़ी फाइट देखने को मिलेगा। हालांकि फिल्म मेकर्स ने काफी कोशिश की थी कि फिल्म के शूट से कोई भी तस्वीर या वीडियो लीक न हो, लेकिन फिर भी ऋतिक और जूनियर एनटीआर का लुक लीक हो गया है, जिससे फैंस के बीच फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वॉर 2 की शूटिंग मुंबई के एक स्टूडियो में शुरू हुई है, जिसमें एक्शन पैक्ड सीन ही फिल्माएं जाएंगे। इसकी शूटिंग पूरे 60 दिनों तक चलेगी। वॉर 2 वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसके तहत अब तक पठान, वॉर, एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और टाइगर 3 बन चुकी हैं। फिल्म वॉर 2 इस साल 14 अगस्त को रिलीज होगी।

# मर-मरकर पैसा कमा रही है स्वातंत्र्य वीर सावरकर, फिर भी रणदीप ने कैसे की अपने पैसों की भरपाई ?



अभिनेता रणदीप हुडा की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। फिल्म को दर्शकों की ओर से कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। फिल्म ने जैसे-तैसे करके बॉक्स ऑफिस पर अपने दिन बिताए। रणदीप हुड्डा की बात करें तो उनके लिए यह फिल्म बेहद खास है। इसी से उन्होंने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने कई आर्थिक चुनौतियों को सामना किया था। अब इस बारे में उन्होंने खुलकर बात की है।

**हुड्डा ने कहा- प्रोफिट में हूं** मालूम हो कि रणदीप हुड्डा ने अपनी फिल्म में पैसा लगाने के लिए अपने मुंबई के फ्लैट को बेच दिया था। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में अभिनेता ने बताया कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की जो कमाई हुई, उससे उनके द्वारा लगाई रकम की भरपाई हो गई है। उन्होंने कहा कि वे प्रोफिट में हैं।

**पिता से यह मजाक करते हैं रणदीप हुड्डा** रणदीप ने बताया कि वे संपत्ति को लेकर अपने पिता से मजाक भी करते रहते हैं। वे अपने पिता से और प्रॉपर्टी खरीदने के लिए कहते हैं ताकि उसे अगली फिल्म बनाने के लिए बेच सकें। रणदीप ने बताया कि फिल्म बनाने के दौरान उन्हें काफी फँसा हुआ महसूस हो रहा था। पैसे की कमी के चलते उन्होंने अपने पिता से बात की थी, जिसके बाद उन्होंने रणदीप की परेशानी को दूर किया था।

**पिता को डर था कि मैं अपने सारे पैसे खो दूंगा** लोगों ने रणदीप को फिल्म में अपना पैसा लगाने को लेकर चेताया था। पैसे की कमी होने पर रणदीप को अपने पिता से मदद लेनी पड़ी थी। रणदीप ने बताया कि उनके पिता उनके लिए पैसा बचाने की कोशिश करते आ रहे हैं। पिता को डर है कि वे महिलाओं और घोड़ों पर अपना सारा पैसा बहा देंगे। इसी के चलते पिता ने रणदीप की तरफ से पैसा बचाना शुरू कर दिया था, जिससे उन्होंने मुंबई में कुछ फ्लैट खरीद लिए थे।

**अब तक हुई इतनी कमाई** स्वातंत्र्य वीर सावरकर की कमाई कुछ खास नहीं हो पाई। सैकल्निक के अनुसार, फिल्म ने अब तक 23.99 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म सिनेमाघरों में अपने आखिरी दिन गिन रही है। रणदीप का कहना है कि आईपीएल और लोकसभा चुनाव के कारण फिल्म की कमाई पर असर पड़ा है।

# रवीना टंडन ने खोला इंडस्ट्री का राज

## कहा- हीरो को एक फिल्म में जितना मिलता था, उतना हमें..



अभिनेत्री रवीना टंडन अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वे अक्सर कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात कहती रहती हैं। सिनेमा जगत में 90 के दशक में उनका जलवा था। उन्होंने कई हिट फिल्में दी है। हाल ही में, रवीना ने फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी कुछ हैरान करने वाली बातें साझा की हैं।

**चुनने की आजादी कम थी** रवीना टंडन ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि उन्होंने 90 के दशक में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। उस वक्त उन्हें एक धारणा से लड़ना पड़ा था। वे फिल्मों में स्टीरियोटाइप हो रही थी। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में हालत ऐसी थी कि अभिनेत्रियों को अपने ही करियर की रणनीति बनाने का मौका नहीं मिलता था। अभिनेत्रियों को अपना काम चुनने की आजादी बहुत ही कम थी।

**एक साथ करते थे 10-12 फिल्मों में काम** रवीना ने बताया कि जब हमारे करियर की शुरुआत हुई थी तो हम एक वक्त में एक या दो फिल्मों में काम नहीं करते थे। हम एक साथ 10 से 12 फिल्में किया करते थे। कुछ फिल्मों के बारे में ऐसा कहा जाता था कि अगर उसमें कोई बड़ा अभिनेता और बड़ा निर्देशक है तो फिल्म सुपरहिट साबित होगी। उन दिनों में फिल्मों को लेकर ज्यादा चयन नहीं होता था।

**अभिनेत्रियों को नहीं मिलते थे ज्यादा पैसे** रवीना टंडन ने कहा कि उन दिनों अभिनेत्रियों को ज्यादा पैसे नहीं मिलते थे। एक हीरो एक फिल्म से जितना कमा लेता था, एक अभिनेत्री उतना पैसा 15 से 16 फिल्मों में काम करने के बाद ही कमा पाती थी। उन्होंने स्टीरियोटाइपिंग का कारण बताते हुए कहा कि ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हमें अपने को स्थापित करने में वक्त लगा। जब वे फिल्में रिलीज होने लगती थी, जिनमें छह सुपरहिट गाने और वही एक जैसे सीन होते थे तो इस तरह की और भी फिल्मों में काम मिलने लगता था। ऐसी स्थिति में आंख मूंदकर उन फिल्मों को साइन कर लिया जाता था। करियर प्लानिंग नाम की कोई चीज थी ही नहीं।

## धीमी गति से आगे बढ़ रही बड़े मियां छोटे मियां- मैदान, जानें कैसा रहा अन्य फिल्मों हाल?

सिनेमाघरों में इन दिनों बड़े मियां छोटे मियां, मैदान, क्रू और गॉडजिला × कॉन्ग प्रदर्शित हो रही है। ईद के मौके पर रिलीज हुई अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म कमाई के मामले में अजय देवगन की फिल्म से काफी आगे चल रही है। वहीं, क्रू और गॉडजिला × कॉन्ग भी अपनी पकड़ बरकरार रखने में कामयाब रही हैं। आइए जानते हैं कि मंगलवार को इन सभी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन रहा। बड़े मियां छोटे मियां ने ईद के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर ठोस शुरुआत की थी। फिल्म ने पहले सप्ताहांत पर शानदार कलेक्शन किया। हालांकि, सोमवार से फिल्म के कलेक्शन की रफ्तार धीमी नजर आ रही है। फिल्म ने पांचवें दिन दो करोड़ 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, ताजा आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को फिल्म ने दो करोड़ 25 लाख रुपये बटोरे हैं।

# चमकीला में काम न कर पाने का कपिल शर्मा को मलाल, बोले- मैं बहुत रोया



द ग्रेट इंडियन कपिल शो इन दिनों नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रहा है। हालिया एपिसोड में अपनी फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रचार करने के लिए दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली पहुंचे थे। अब इस एपिसोड का बचा हुआ कंटेंट भी यूट्यूब पर आ गया है। कपिल शर्मा के चैनल पर इस शो के पर्दे के पीछे का वीडियो साझा किया गया है। इस वीडियो में कपिल खुलासा किया कि एआर रहमान ने फिल्म चमकीला के लिए उन्हें फोन किया था, लेकिन विदेश में होने की वजह से उनसे बात नहीं हो सकी थी। इस वीडियो क्लिप में कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा कि मैंने आपको चमकीला के लिए फोन किया था। कॉमेडियन ने आगे बताया कि मुझे लगता है कि वह चाहते थे कि मैं कोई गाना या फिल्म के लिए कुछ करूं। मुझे लगा कि वह मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे। कपिल ने आगे कहा, उन्होंने मुझसे यह बात गंभीर अंदाज में नहीं कही तो मैंने उनसे कहा कि सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। कपिल ने आगे बताया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था। इसके बाद मैं सारी रात रोया। कपिल की ये बातें सुनकर वहां मौजूद सभी लोगों की हंसी छूट गई। इस बातचीत में इम्तियाज ने आगे बताया कि रहमान सर ने उनसे कहा था कि अगर दिलजीत यह फिल्म नहीं करते, तो हमारे पास केवल एक विकल्प था जो कि आप थे। अमर सिंह चमकीला की बात करें तो फिल्म को हाल ही में सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत और परिणीति की अदाकारी की जमकर तारीफ हो रही है। दर्शकों के अलावा समीक्षकों को भी यह फिल्म काफी पसंद आई है।

# क्या टेलर स्विफ्ट के साथ काम करने जा रहे हैं एआर रहमान? खुद किया खुलासा!



एआर रहमान भारतीय संगीत की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। इन दिनों वह फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिए अपने संगीत की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के गानों को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अमेरिकन गायिका टेलर स्विफ्ट के साथ काम करने को लेकर दिलचस्प बातें साझा की है।

**टेलर स्विफ्ट के साथ काम करने पर दिया यह जवाब** ऑस्कर विजेता एआर रहमान ने एक साक्षात्कार में इस सवाल का जवाब दिया कि क्या वे टेलर स्विफ्ट के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि टेलर स्विफ्ट जैसा चाहेंगी, वैसा हो जाएगा। अगर वह एक डांस वाला गाना चाहती हैं तो वही बनाया जाएगा। अगर वे रोमांटिक गाना चाहती हैं तो वह भी बनेगा। रहमान ने आगे कहा कि टेलर स्विफ्ट गीतकार भी हैं।

**पूरी दुनिया के संगीतकारों के लिए एक प्रेरणा हैं टेलर** एआर रहमान ने टेलर की तारीफ करते हुए कहा वे पूरी दुनिया के संगीतकारों के लिए एक प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी में बहुत कुछ सहा है। उन्हें धोखा मिला था और उसके बाद उन्होंने वापसी की। टेलर स्विफ्ट संगीतकारों के लिए एक अछी केस स्टडी है। रहमान ने आगे कहा कि अगर लोग बढ़िया काम करने की खातिर संगीत की शक्ति लेते हैं, तो यह काफी अछी बात है। उन्होंने दिवंगत माइकल जैक्सन का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पास यह शक्ति थी। जैकसन ने अफ्रीका में कई सारे चैरिटी कॉन्सर्ट करके लोगों की सेवा करने का काम किया था।

**इम्तियाज अली के लिए तीन हिट एल्बम दे चुके हैं एआर रहमान** एआर रहमान ने फिल्म अमर सिंह चमकीला के जरिए एक बार फिर से निर्देशक इम्तियाज अली के साथ काम किया है। इससे पहले दोनों ने फिल्म रॉकस्टार और तमाशा में काम किया था। इन तीनों ही फिल्मों के गाने हिट साबित हुए है। मालूम हो कि फिल्म अमर सिंह चमकीला ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म में दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की कहानी को दिखाया गया है।

# महादेव के भक्त हैं ये बॉलीवुड सितारे, काशी विश्वनाथ के दर्शन कर मांगी फिल्म को हिट कराने की दुआ....



*किसी फिल्म को हिट कराने की दुआ मांगनी हो या फिर आने वाली फिल्म का प्रमोशन ही क्यों ना करना हो। ज्यादातर बॉलीवुड सितारे काशी विश्वनाथ की शरण में चले जाते हैं। रणवीर सिंह, कृति सेनन, तमन्ना भाटिया, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के अलावा ऐसे कई सितारे हैं जो फिल्म कि रिलीज से पहले काशी विश्वनाथ के दर्शन करने जा चुके हैं।हाल ही में रणवीर सिंह और कृति सेनन और मनीष मल्होत्रा बनारस पहुंचे थे। ये तीनों सितारे रविवार रात को नमो घाट पर होने वाले एक प्रोग्राम में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में शामिल होने से पहले तीनों ने काशी विश्वनाथ मंदिर में माथा टेका। काशी में बिताए गए खास पल की तस्वीरें एक्टर्स ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें एक तरफ, रणवीर कपूर घाट के किनारे पोज देते दिखाई दिए, तो वहीं दूसरी तरफ, कृति गंगा घाट के बीच भक्ति में डूबी नजर आईं। रणवीर को देखकर फैंस उनकी फिल्म %डॉन 3% के बारे में पूछने लगे। साथ ही यह अफवाह भी आई कि क्या रणवीर सिंह और कृति सेनन किसी फिल्म में एक साथ आने वाले हैं।साउथ की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया भी बनारस स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम में मत्था टेक चुकी हैं। इस दौरान तमन्ना विश्वनाथ मंदिर की श्रृंगार आरती में शामिल हुई थीं साथ ही उन्होंने बाबा भोलेनाथ का विधिवत दर्शन-पूजन भी किया था। मंदिर से बाहर निकलकर तमन्ना ने विश्वनाथ कॉरिडोर में चहलकदमी करती दिखाई दी थीं। दरअसल, तमन्ना ,वाराणसी में तेलुगू फिल्म ओडिला की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची थी, साथ ही उन्होंने इस दौरान फिल्म का प्रमोशन भी कर दिया। मार्च 2022 में अपनी फिल्म %ब्रह्मास्त्र% की शूटिंग से पहले रणवीर कपूर और आलिया ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंच कर आशीर्वाद लिया था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने फिल्म के कुछ सींस विश्वनाथ धाम में भी फिल्माए थे। धाम में शूटिंग और दर्शन के बाद उन्होंने अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। कुछ लोगों ने रणबीर-आलिया को देखकर यही कहा था कि वह भोलेनाथ के दर्शन करने के साथ ही अपनी फिल्म ब्रह्मास्त्र का प्रमोशन भी कर रहे हैं।*

# सहारनपुर में बसपा को लगा तगड़ा झटका

## तीन दिन पहले बसपा की जनसभा में मायावती के साथ मंच पर दिखने वाले पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू भाजपा में हुए शामिल



**गौरव सिंघल। सिटी चीफ** सहारनपुर, सहारनपुर में बसपा को तगड़ा झटका लगा है। तीन दिन पहले बसपा की जनसभा में मायावती के साथ मंच पर दिखने वाले पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू ने भाजपा का दामन थाम लिया है।सहारनपुर में तीन दिन पहले बसपा सुप्रीमो मायावती की चुनावी जनसभा में मंच पर दिखाई देने वाले पूर्व विधायक रविंद्र कुमार मोल्हू ने आज बसपा को बड़ा झटका देकर भाजपा का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि भाजपा का कुनबा जिले में मजबूत होगा, जबकि बसपा के लिए बेहद चिंता की बात है। पिछले कुछ दिनों से पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू के भाजपा में शामिल होने की चर्चा खूब चल रही थी। वह लगातार गुपचुप तरीके से भाजपा में शामिल होने की कवायद में जुटे रहे। जिस पर आज विराम लग गया। बताया गया कि 14 अप्रैल को नागल के गांव भरतपुर सरसीना में बसपा सुप्रीमो की चुनावी जनसभा हुई थी, जिसमें रविंद्र मोल्हू भी शामिल हुए थे। उन्होंने जनसभा को संबोधित किया था। किसी को मालूम नहीं था कि वह फिर से भाजपाई हो जाएंगे। रविंद्र मोल्हू रामपुर मनिहारान विधानसभा सीट से दो बार विधायक चुने जा चुके हैं। वह 2007 व 2012 में विधायक बनकर विधानसभा तक पहुंचे। इनके भाजपा में शामिल होने से बसपा को तगड़ा झटका लगा है। इससे पूर्व अक्तूबर 2019 में भी रविंद्र मोल्हू बसपा को छोड़कर भाजपा में आए थे।जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने पूर्व विधायक रविंद्र मोल्हू को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर, देवेंद्र निम, भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा शामिल रहे।

# मप्र के शाजापुर में सफाई कर्मचारियों को नही मिल रहा वेतन, दी आंदोलन की चेतावनी

## कर्मचारियों ने नगरपालिका पहुंचकर ज्ञापन सौंपा



**भगवान दास बैरागी। सिटी चीफ** शाजापुर, नवरात्रि पर्व चल रहा है और हर कोई हर्षित है, लेकिन नगरपालिका के सफाई कर्मचारी वेतन नही मिलने की वजह से आर्थिक संकट का सामना कर परेशान हो रहे हैं। ऐसे में परेशान होकर उन्होने नगरपालिका पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और समय पर वेतन नही दिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मंगलवार को बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी नगरपालिका पहुंचे और यहां शिकायती आवेदन देकर बताया कि पहले सभी कर्मचारियों को 1 से 5 तारीख में वेतन मिल जाया करता था, परंतु जब से नई परिषद बनी है तब से सफाई कर्मचारियों के वेतन के लाले पड़ गए हैं और वेतन 15 से 20 तारीख में दिया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि समय पर वेतन नही मिलने की वजह से परिवार के भरण-पोषण में दिक्कतें तो आ ही रही हैं। साथ ही बैंक से लिए गए ऋण की किश्तें समय पर जमा नही होने से सिबिल भी खराब हो रही है। ज्ञापन में 1 से 5 तारीख में वेतन दिए जाने की मांग की गई है, साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि वेतन की समस्या का समाधान नही किया गया तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

# सहारनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड़-शो बना मुख्य आकर्षण

## चुनाव प्रचार बंद होने से एक दिन पहले गर्माया सहारनपुर का सियासी माहौल



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ** सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सहारनपुर पहुंचे। उन्होंने अग्रवाल धर्मशाला से भाजपा के रोड़-शो की अगुवाई की। जहां से वे भगत सिंह चौक, बाजार मोर गंज, नेहरू मार्केट होते हुए सहारनपुर नगर के हृदय स्थल चौक घंटाघर पर पहुंचे। जहां उन्होंने 18वीं लोकसभा चुनाव की पहले नंबर की सहारनपुर सीट के भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा को भारी वोटों से जिताने की अपील की। रोड़-शो में सहारनपुर नगर में आज उत्सव जैसा माहौल बना दिया। चौक घंटाघर से लेकर अग्रवाल धर्मशाला तक मंगलवार के अवकाश के बावजूद पूरे बाजारों में रौनक थी और हजारों नर-नारी मुख्यमंत्री जी के दर्शन करने उनका अभिवादन स्वीकार करने के लिए सड़क के दोनों ओर उत्साह और उमंग के साथ खड़े थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फूलों से सजे एक वाहन पर अपने हाथों से विजयी चिन्ह बनाते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ के दाईं ओर भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा मौजूद थे। भाजपा के दोनों मंत्री, विधायक एवं मेयर डा. अजय सिंह भी योगी जी के साथ वाहन पर सवार थे। पूरे मार्ग और रोड़-शो में आठ से दस हजार उत्साही लोगों की भीड़ शामिल थी। पूरे रोड़ शो के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। पूरा आयोजन शांति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। ध्यान रहे सहारनपुर सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का कांग्रेस के दिग्गज नेता इमरान मसूद से कड़ा संघर्ष है। आज के रोड़-शो से सहारनपुर और जिले का राजनैतिक माहौल गर्मा गया हैं। बुधवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। बुधवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी वाड्रा इमरान मसूद के समर्थन में नगर में रोड़-शो निकालेंगी। वह शाकुम्बरी देवी, जैन मंदिर और गुरूद्वारा में शीश नवाने के बाद इमरान मसूद के साथ नगर में रोड़-शो करेंगी। पहले चरण के चुनाव प्रचार का प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ चुनाव प्रचार का पटाक्षेप हो जाएगा। प्रियंका गांधी वाड्रा के रोड़-शो को लेकर भी सहारनपुर में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है।

# छिंदवाड़ा में रोड शो के कई मायने, दिल्ली रवाना होने से पहले अमित शाह ने दी भाजपा के नाराज नेताओं को नसीहत

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छिंदवाड़ा में रात्रि विश्राम किया। करीब 40 मिनट तक बंद कमरे में पार्टी पदाधिकारी से चर्चा की साथ ही पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिए। अमित शाह बुधवार को उठ खाना स्थित श्री राम मंदिर में दर्शन किए और छिंदवाड़ा से रवाना हुए। अमित शाह निर्धारित कार्यक्रम से 1 घंटे की देरी से छिंदवाड़ा से रवाना हुए।छिंदवाड़ा प्रवास के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह रामलला के दर्शन के बाद वे छिंदवाड़ा से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं से मुलाकात की और उन्हें पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। एक दिन पूर्व छिंदवाड़ा पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के लिए फव्वारा चौक से छोटी बाजार तक एक घँटे का रोड शो किया था और देर रात तक भाजपा नेताओं के साथ मंत्रना की।

**अमित शाह की भाजपा के नाराज नेताओं को नसीहत-** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कमल नाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में पहले कोर कमेटी और फिर नाराज नेताओं के साथ अलग से बैठक की। इनमें पूर्व मंत्री चंद्रभान सिंह चौधरी, पं. रमेश दुबे, ताराचंद बावरिया सरीखे नेता शामिल हैं। शाह ने सभी नेताओं को साफ कर दिया है कि यह चुनाव पार्टी के लिए अहम है। इसमें कोई कमी रहती है तो पार्टी बाद में उसका विश्लेषण कर अपना निर्णय लेगी।

**दौरे के जरिए वोटों को साधने की कवायद-** रोड शो के रूट में लोग अपने घरों की गैलरी में खड़े होकर और छतों पर खड़े रहे वो अमित शाह पर फूल बरसाते नजर आए। रोड शो को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं, बताया जा रहा है कि बुधवार को रामनवमी का त्योहार है, ऐसे में दौरे के जरिए वोटों को साधने की कवायद की गई।

**भाजपा के सभी खेमों को एकजुट कर एकता का संदेश देने का भी प्रयास किया-** व्यापारियों की दुकान के सामने पहले से ही बेरिकेटिंग कर दी गई थी। सिवनी और नरसिंहपुर की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग दादा धूनी वाले बाबा मैदान, पुलिस लाइन ग्राउंड में रहेगी। नागपुर और बैतूल रोड से आने वाले वाहनों को पोला ग्राउंड, ईएलसी चौक, चर्च कंपाउंड ग्राउंड, श्रीनाथ स्कूल में पार्किंग रहेगी। परासिया रोड से आने वाले वाहनों को बर्मन की जमीन, बगीचा मैदान में खड़ा कराया जाएगा। **नहीं जीत पाई थी बीजेपी-** राज्य में 29 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 28 सीटों पर पिछले चुनाव में जीत दर्ज की थी। छिंदवाड़ा ही एक मात्र सीटे ऐसी थी जहां बीजेपी जीत दर्ज नहीं कर पाई थी। इतना ही नहीं साल 1980 के बाद सिर्फ एक चुनाव 1997 में ही भाजपा जीत सकी थी। यहीं कारण है कि भाजपा ने इस सीट को हर हाल में इस बार जितना चाह रही है । राज्य में पहले चरण में छह संसदीय सीटों पर मतदान होने हैं, उनमें छिंदवाड़ा लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां 19 अप्रैल को मतदान होगा।

# 3 मिनट तक सूर्यदेव ने किया राम लला का तिलक



## पीएम मोदी ने असम की रैली में किया सूर्य तिलक का जिक्र

जिस समय अयोध्या में राम लला का सूर्यतिलक किया गया, उस समय पीएम मोदी असम के नलबाड़ी में रैली को संबोधित कर रहे थे। जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया।

# अयोध्या में राम लला के सूर्य तिलक का साक्षी बनने को उत्सुक पूरा देश



## पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को रामनवमी की बधाई दी। पीएम मोदी ने अपने एक्स हेंडल पर लिखा, देशभर के मेरे परिवारजनों को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं! इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने कोटि-कोटि देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। अवधपुरी के उस क्षण की स्मृतियां अब भी उसी ऊर्जा से मेरे मन में स्पंदित होती हैं। यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। 5 शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमें ये रामनवमी अयोध्या में इस तरह मनाने का सौभाग्य मिला है। यह देशवासियों की इतने वर्षों की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का सुफल है। प्रभु श्रीराम भारतीय जनमानस के रोम-रोम में रचे-बसे हैं, अंतर्मन में समाहित हैं। भव्य राम मंदिर की प्रथम रामनवमी का यह अवसर उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन और उनके आदर्श विकसित भारत के निर्माण के सशक्त आधार बनेंगे। उनका आशीर्वाद आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रभु श्रीराम के चरणों में कोटि-कोटि नमन और वंदन!

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने बागली विकासखण्ड में विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रों, मतदान केन्द्रों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**ग्राम टिल्याखेडी में उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर समिति प्रबंधक सुश्री अंकिता पंचोली का एक माह का वेतन काटने के दिए निर्देश**

**एफएलएन की सही जानकारी देने पर श्रीमती बसु राठौर की प्रशंसा, आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती प्रमिला गुर्जर को बच्चों के लिए अच्छा कार्य करने पर दी बधाई**





देवास -- कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बागली विकासखण्ड के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों, स्कूलों, मतदान केन्द्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हिमांशु प्रजापति, एसडीएम बागली श्री आनंद मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बागली विकासखण्ड में निरीक्षण के दौरान ग्राम टिल्याखेडी में ग्रामीणों से चर्चा की और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम टिल्याखेडी में कान्हा सरकार वेयरहाउस और श्यामा चरण शर्मा वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर समिति प्रबंधक सुश्री अंकिता पंचोली का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने परिवहन चालान और किसानों को उपार्जन भुगतान संबंधी निर्देश दिये।कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम टिल्याखेडी में शासकीय प्राथमिक विद्यालय टिल्याखेडी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक श्री सुरेश कुमार माली और जन शिक्षक श्री मुरली नागर द्वारा एफएलएन की जानकारी नहीं देने पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय टिल्याखेडी में बनाये गये मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम टिल्याखेडी में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने अच्छे कार्यो के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रमिला गुर्जर की प्रशंसा की।कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम बावल्या में पूजा वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उपार्जन कार्य देखा और परिवहन चालान तथा किसानों को भुगतान संबंधित निर्देश दिए। शासकीय प्राथमिक विद्यालय बावल्या में मतदान केंद्र देखा और मतदान केन्द्र पर सभी मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम बावल्या में शिक्षकों से एफएलएन की जानकारी ली। ग्राम बावल्या में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम देवगढ़ में छत्रपति वेयरहाउस का निरीक्षण किया उपार्जन कार्य देखा और परिवहन चालान तथा किसानों को भुगतान संबंधित निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम देवगढ़ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और आर्दश मतदान केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिये। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान शिक्षक श्रीमती ओमिता पाठक और जन शिक्षक श्री रमेश शर्मा द्वारा एफएलएन संबंधी जानकारी नहीं देने पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिये। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक एक भी विद्यार्थी नहीं होने पर प्रिंसिपल रविंद्र मालवीय को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्राथमिक शाला के विद्यार्थी शंकर भोला से चर्चा की और एफएलएन संबंधी प्रश्न पूछे, जिस पर विद्यार्थी ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय चापड़ा में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं समय रहते करने के निर्देश दिये। अध्यापिका श्रीमती बसु राठौर से एफएलएन की जानकारी ली, अच्छे पढाने पर श्रीमती बसु राठौर को बधाई दी। विद्यार्थी विक्रम ओम से चर्चा की और एफएलएन संबंधी प्रश्न पूछे, जिस पर विद्यार्थी विक्रम ओम ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने चापड़ा में जेएमडी वेयर हाउस और बागली में अन्नपूर्णा वेयर हाउस निरीक्षण किया। उपार्जन कार्य देखा और परिवहन चालान तथा किसानों को उपार्जन भुगतान संबंधी निर्देश दिये।

## कलपर के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, मारे गए एक दर्जन से अधिक नक्सली



कांकेर (छ.ग.) जिले के छोटेबैठिया थाना के कलपर के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि इस मुठभेड़ में 18 से 20 नक्सली मारे गए हैं, जबकि घटनास्थल से नक्सलियों के और इंसांस रायफल भी जप्त किया है। मुठभेड़ की पुष्टि कांकेर एसपी एलेसेला ने की है।जानकारी के अनुसार कांकेर के छोटे बैठिया थाना के कलपर के जंगलों में एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत जवान रवाना हुए थे। इस बीच जंगल में छिपे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की फायरिंग का मुहतोड़ जवाब दिया और एक दर्जन से अधिक नक्सलियों को मार गिराया। जिसकी पुष्टि कांकेर एसपी एलेसेला ने की है। मुठभेड़ में बीएसएफ के इंस्पेक्टर समेत दो जवान भी घायल हुए हैं।

## आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते मंदसौर पुलिस द्वारा जिले के वारंटियों(स्थायी एवं गिरफ्तारी) के विरूद्ध कार्यवाही, जिले के 06 थानों के द्वारा कुल 09 स्था?यी वारंटीयों का वारंट तामील करवाया गया








आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री अनुराग सुजानिया द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को वारंटियों (स्थायी एवं गिरफ्तारी) के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया किया गया है। पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री अनुराग सुजानिया के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर अनुभाग श्री गौतम सोलंकी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ अनुभाग सुश्री हेमलता कुरील के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों जिले के वारंटियों (स्थायी एवं गिरफ्तारी) के विरूद्ध आज दिनांक 16.04.24 को कार्यवाही करते जिले के 06 थानों के द्वारा 09 स्थाई वारंटियों के स्थाई वारंट को तामील करवाया गया। मंदसौर पुलिस द्वारा दिनांक 16.04.24 को वारंटियों(स्थायी एवं गिरफ्तारी) के विरूद्ध की गई कार्यवाही निम्नानुसार है-1- मंदसौर पुलिस, थाना शामगढ़ चौकी चंदवासा द्वारा 01 स्थाई वारंटी मानसिंह पिता मदनसिंह निवासी बापच्या थाना शामगढ़ को गिरफ्तार करने में मिली सफलता। 2- मंदसौर पुलिस थाना नारायणगढ़ द्वारा 03 स्थाई वारंट तामील करवाए गए, जिसमे एनडीपीएस एक्ट के वारंटी अशोक उर्फ टैंकर पिता राजाराम सुतार निवासी फाटक मोहल्ला, पिपलिया मंडी, उदयसिंह पिता रामसिंह सोंधिया निवासी सिंधपन एवम बापूसिंह पिता देवीसिंह राजपूत निवासी सिंधपन का वारंट तामील करवाए गया।3- मंदसौर पुलिस थाना सीतामऊ द्वारा 25 01 स्थाई वारंटी सर्वर खान पिता गुलाम रसूल खा निवासी खेजड़िया उम्र 54 वर्ष तामील करवाया गया। 4- मंदसौर पुलिस थाना कोतवाली द्वारा 01 स्थाई वारंटी माया कुंवर पति सुरेंद्र सिंह राजपूत निवासी अभिनंदन नगर मंदसौर का स्थाई वारंट तामील करवाया गया। 5- मंदसौर पुलिस थाना गरोठ द्वारा 01 स्थाई वारंटी बापूलाल पिता नानूराम गायरी उम्र 56 वर्ष निवासी साठखेडा तामील करवाया गया। 6- मंदसौर पुलिस थाना नाहरगढ द्वारा 02 स्थाई वारंटी राजेश पिता रामेश्वर गुप्ता एवम भारत सिंह राजपूत के स्थाई वारंट तामील करवाए गए।

## मां गायत्री भक्त मंडल समिति द्वारा जिला प्रेस क्लब जावरा अध्यक्ष जगदीश राठौर का सम्मान



*जावरा (नि.प्र.) मां गायत्री भक्त मंडल समिति जावरा के वरिष्ठ सदस्य जगदीश राठौर पत्रकार के जिला प्रेस क्लब जावरा के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर परिसर में यज्ञ आचार्य श्री सुभाष जी शर्मा, श्री त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर बोडिया कुआं मंदिर के पुजारी श्री मनोहर दास बैरागी, पूर्व रतलाम केसरी गोपाल बामनिया, सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मी नारायण बारगल, समाजसेवी राधेश्याम सेकवाडिया, भेरूलाल सोनगरा, श्याम शर्मा (पतंजलि) किशोर शाकल्य, इंजीनियर घनश्याम राठौर (मंदसौर), शिक्षक घनश्याम शर्मा एवं शिक्षक रमेश राठौर, संजय अग्रवाल (जावरा पब्लिक स्कूल) ने पुष्पमाला एवं शाल ओढाकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर श्री त्रिमूर्ति पारायण मंडल एवं मां गायत्री भक्त मंडल समिति के सदस्य संदीप पोरवाल, विजय सिंह शक्तावत ( नगर पालिकामंदसौर)शांतिलाल पोरवाल, गोवर्धन लाल हरा, विजय राठौर (लड्डू वाले), विष्णु हरोड़, बसंती लाल वर्मा, विजय सोनी, श्री चौरसिया एवं अन्य भक्तगण मौजूद रहे ।*

## देवास, ग्राम टिगरिया छोटा और उदय नगर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली




देवास - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभियान श्री हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत देवास, ग्राम टिगरिया छोटा और उदय नगर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान मताधिकार का उपयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया गया।

## बड़वानी और खरगोन जिले के आबकारी विभाग ने कि बड़ी कार्यवाही,लाखों रूपये की शराब ओर महुआ लहान को किया नष्ट



बड़वानी लोकसभा निर्वाचन हेतु लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर बड़वानी कलेक्टर राहुल फटिंग और खरगोन कलेक्टर तरुण मिश्र के आदेश पर बड़वानी जिला आबकारी अधिकारी ऋष्ट बारोड व खरगोन जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के निर्देश पर आबकारी टीम बड़वानी उड़नदस्ता प्रभारी स्द्ध आनंद पाल सिंह मंडलोई व खरगोन उड़नदस्ता प्रभारी,़ष्टश्वह्र सजेंद्र मोरी के नेतृत्व में मंगलवार बड़वानी जिले के ग्राम करामतपुरा में संयुक्त कार्यवाही मे 4 हजार 250 किलोग्राम लाहन व 90 बल्क लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त कर 5 प्रकरण वृत प्रभारी बी एस जमरा द्वारा बनाए गए वहीं अजयपालसिंह भदौरिया द्वारा खरगोन जिले के ग्राम भोइंदा में 6 प्रकरण में 240 बल्क लीटर हाथभट्टी शराब और 9 हजार 500 किलोग्राम महुआ लाहन को जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग केस दर्ज किए गए। विभाग द्वारा जब्तशुदा अवैध शराब व महुआ लाहन का बाजार मूल्य 14 लाख 8 हजार रुपए बताया गया है। वहीं इस कार्यवाही में दोनों जिलों के आबकारी विभाग के दल में च्र.च्र. शर्मा,च्रस मांगोदिया, आरक्षक हुकुमचंद पाटीदार व अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## भादवा माता दरबार में अंचल के प्रमुख समाजसेवी अशोक जी अरोरा के सौजन्य से हजारों श्रद्धालुओं को आहार फली हार वितरण किया गया



*नीमच। महाष्टमी पर्व पर मंगलवार को अलसुबह से लेकर देर रात तक मालवा की वैष्णो देवी के नाम से प्रसिद्ध महामाया भादवा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मां भादवा के परम भक्त अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा इस पावन पर्व पर 75 क्विंटल साबूदाना खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। सबसे पहले महामाया भादवा को खिचड़ी की प्रसाद का भोग लगाया गया और इसके बाद में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समाजसेवी अशोक अरोरा और उनके सुपुत्र अरूल अरोरा गंगानगर ने भक्तों को अपने हाथों से खिचडी वितरित की। दोपहर से देर रात तक भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। साथ ही समाजसेवी श्री अरोरा ने भादवामाता के दिव्य मंदिर निर्माण का जायजा लिया। छत स्तर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब नक्कासी और अन्य कार्य शुरू होंगे। इस दौरान श्री अरोरा ने एसडीएम डॉ. ममता खेडे और मंदिर समिति के प्रबंधक अजय ऐरन से भी चर्चा की पूरे दिनभर एसडीएम श्रीमति खेडे भी यहां मौजूद रही।*

# थाना हनुमानगंज पुलिस द्वारा शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**चोर से 3 दो पहिया वाहन कीमती 1,50,000/- रूपये का मशरूका किया बरामद**



भोपाल/ राजधानी में वाहन चोरी,सम्पत्ति संबंधी आपराधो पर नियंत्रण रखने तथा अपहृत मामलो मे मुखबिर तंत्र विकसित कर शत् प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करने पुलिस आयुक्त नगरीय भोपाल श्री हरिनारायणचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल श्री अवधेश गोस्वामी द्वारा निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन - 03 भोपाल श्री रियाज इकबाल, अति. पुलिस उपायुक्त जोन-03 श्री शालिनी दीक्षित के मार्गदर्शन व सहायक पुलिस आयुक्त हनुमानगंज श्री राकेश सिंह बघेल के निर्देशन मे थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज निरीक्षक अवधेश सिंह भदौरिया ने टीम गठित कर मुखबिर तंत्र विकसित करते हुए वाहन चोर से 3 दो पहिया वाहन बरामद करने में सफलता अर्जित की दिनांक 15/04/2024 को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति उम्र करीबन 30-35 साल का समांतर रोड पर खडा हुआ है जो एक ग्रे कलर की हीरो मेस्ट्रो स्कूटी लिए है, उसे बेचने के लिए ग्राहक ढूढ रहा है कि सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर पुलिस टीम गठित कर रवाना कर सूचना स्थल पहुचे जहां मुखबिर द्वारा बताए अनुसार एक व्यक्ति ग्रे कलर की हीरो मेस्ट्रो स्कूटी लिए मिला । जिसे घेराबंदी कर पकडा जिसने अपना नाम जितेन्द्र मेवाडा पिता जगदीश मेवाडा उम्र 33 साल निवासी ग्राम फुलेन पोस्ट अकोदिया थाना अकोदिया मण्डी जिला शाजापुर म.प्र.का होना बताया , जिससे मेस्ट्रो स्कूटी के संबंध मे कागजात पूछे जाने पर संदेही द्वारा मोटरसायकल के कोई कागजात नही होना बताया । जिस पर चोरी की गाडी होने का अंदेशा होने से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उक्त ग्रे कलर की हीरो मेस्ट्रो स्कूटी क्र करीबन एक डेढ महिने पहले इन्दौर रोड पर ज्योति होटल के सामने उज्जैन से चोरी करना बताया,जिससे अन्य चोरी की गई गाडियों के संबंध मे पूछा तो उसने करीबन 15 दिन पहले संभावना अस्पताल के सामने काजी कैम्प से एक सिल्वर ब्लेक कलर की हीरो स्पलेण्डर मोटरसायकिल व करीबन 3-4 दिन पहले एक बिना नम्बर की काले रंग की एक्टिवा जो रेल्वे स्टेशन के पास से चोरी करना बताया । सराहनीय भूमिका - वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी एवं मशरूका बरामदगी मे थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह भदौरिया,उनि विवेक शर्मा,आर.3546 नवल मीणा,आर 3603 देवेन्द्र सिहोलिया, आरक्षक 3485 जितेन्द्र राजावत की सराहनीय भूमिका रही है।

# एयरपोर्ट में शाहरुख खान का हमशक्ल, देखकर कन्फ्यूज हो गए लोग, साथ लेने लगे सेल्फी

मुंबइ । पिछले दिनों श्रद्धा कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लड़की की तस्वीर शेयर किया था, जिसे सोशल मीडिया पर उनकी हमशक्ल बताया जा रहा था। 12 अप्रैल को मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच हुए मैच में ये लड़की पहुंची थी, जो सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर है। लड़की का नाम प्रगति नागपाल है, जिसे देखने के बाद यूजर्स ने उनकी तुलना श्रद्धा कपूर से करना शुरू कर दिया। श्रद्धा ने भी अपनी स्टोरी पर लड़की का वीडियो शेयर करते हुए मजेदार रिएक्शन दिया था। श्रद्धा की हमशक्ल के बाद अब शाहरुख खान के जैसे दिखने वाले शख्स की हर तरफ चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शाहरुख खान जैसा दिखने वाला शख्स एयरपोर्ट पर नजर आ रहा है।



**सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल वीडियो** शाहरुख खान के हमशक्ल का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसे देखकर फैंस का दिमाग चकरा रहा है कि आखिर ये असली शाहरुख हैं या नकली। वीडियो एयरपोर्ट का है, जिसमें शाहरुख खान के जैसा दिखने वाला शख्स स्पॉट नजर आ रहा है। इसके लुक ही नहीं, हाव-भाव और स्टाइल भी हूबहू शाहरुख खान जैसा है। ये शख्स इस हद तक शाहरुख जैसा दिख रहा है कि उसे देखकर फैंस को लगा कि शाहरुख ही एयरपोर्ट पर आए हैं।

**लोगों ने उनके साथ सेल्फी लेने लगे** हालांकि, बाद में लोगों को एहसास हुआ कि शाहरुख नहीं बल्कि उनका हमशक्ल है। शाहरुख के हमशक्ल इस दौरान अभिनेता का 'पठान' लुक में था। शाहरुख की ही तरह कपड़े, हेयरस्टाइल और गॉगल्स पहन रखे थे। शख्स ने ऑलिव कलर के पैंट के साथ ब्लैक टी-शर्ट और लैदर जैकेट पहनी थी। साथ ही ब्लैक शेड्स लगाए थे। ऐसे में कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी लेना शुरू कर दिया।

**फैंस ने किए मजेदार कमेंट्स** शाहरुख के हमशक्ल ने यहां किंग खान के फैंस के साथ सेल्फी क्लिक कराई। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स भी इस पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'भगवान ने इन्हें मैचिंग फेस तो दिया ही, लेकिन स्वैग भी सेम टू सेम है।' एक और ने लिखा- 'और इसके साथ भी लोग सेल्फी क्लिक कर रहे हैं।' एक और यूजर लिखता है- 'स्क्रू फ्रॉम मीशो।'

**हमशक्ल को देखकर लोग कन्फ्यूज** हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब शाहरुख खान के हमशक्ल को देखकर लोग इस कदर कन्फ्यूज हो गए हों। इससे पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है। शाहरुख खान के हमशक्ल इब्राहिम कादरी को तो अक्सर लोग किंग खान समझ बैठते हैं और उनके साथ फोटोज क्लिक कराने लगते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान आखिरी बार राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी डंकी में नजर आए थे। ये फिल्म 2023 के आखिरी में रिलीज हुई थी, जो इस साल की उनकी तीसरी फिल्म थी।

# आईआरसीटीसी लेकर आया शानदार टूर पैकेज, सिर्फ 9 हजार रुपये में माता वैष्णो देवी के होंगे दर्शन



*वाराणसी . भारतीय रेलवे का उपक्रम आईआरसीटीसी समय-समय पर कई धार्मिक स्थलों के लिए स्पेशल टूर पैकेज लेकर आता रहता है. इसी कड़ी में माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए आईआरसीटीसी एक स्पेशल ट्रेन टूर पैकेज लेकर आया है. इस पैकेज की शुरुआत वाराणसी से होगी. यह पैकेज 4 रात और 5 दिनों का है.इस टूर पैकेज के बारे में आईआरसीटीसी ने बताया है कि आपको माता वैष्णो देवी दर्शन का अवसर मिलेगा. आप हर गुरुवार इस ट्रेन के द्वारा यात्रा कर सकते हैं. इसमें यात्री थर्ड एसी में सफर करने का मौका मिलेगा. इस पैकेज में आपको खाने-पीने की चिंता करने की जरूरत नहीं है. इसमें आपको मील में 2 ब्रेकफास्ट और 2 डिनर की सुविधा मिल रही है।*

## टूर पैकेज की खास बातें

पैकेज का नाम - Mata Vaishno Devi E& Varanasi
कितने दिन का होगा टूर - 4 रात और 5 दिन
प्रस्थान करने की तारीख - हर गुरुवार
मील प्लान - ब्रेकफास्ट और डिनर
ट्रेन नंबर - 12237/12238
ट्रैवलिंग मोड - ट्रेन
क्लास - थर्ड एसी
बोर्डिंग/डिबोर्डिंग स्टेशन- वाराणसी, जौनपुर शहर, सुल्तानपुर, लखनऊ और शाहजहांपुर

## कैसे करें बुकिंग

इस पैकेज की बुकिंग आप आईआरसीटीसी की ऑफिशियल वेबसाइट से कर सकते हैं. पैकेज से जुड़ी जानकारी के लिए आप 8287930908 / 8287930909 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जानें कितना होगा किराया

इस टूर पैकेज के लिए टैरिफ पैसेंजर द्वारा चुनी गई ऑक्यूपेंसी के मुताबिक होगा. पैकेज की शुरुआत करीब 9 हजार रुपये प्रति व्यक्ति से होगी. ट्रिपल ऑक्यूपेंसी पर प्रति व्यक्ति खर्च 8,650 रुपये है. डबल ऑक्यूपेंसी पर 9,810 रुपये प्रति व्यक्ति है. वहीं सिंगल ऑक्यूपेंसी का प्रति व्यक्ति खर्च 15,320 रुपये है. 5 से 11 साल के बच्चे के लिए बेड के साथ 7,650 रुपये और बिना बेड 7,400 रुपये चार्ज है।

# कांग्रेस इस बार चुनाव में कैसे बचा पाएगी अपना गढ़, छिंदवाड़ा से कमलनाथ का साथ छोड़ रहे खास

**छिंदवाड़ा** । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ प्रचार में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली छिंदवाड़ा सीट पर उनके बेटे नकुलनाथ दावेदारी पेश कर रहे हैं। हालांकि, ताजा सियासी तस्वीर से संकेत मिल रहे हैं कि नाथ परिवार के लिए इस बार सीट का सफर पूरी तरह से आसान नहीं रहने वाला है। इसकी एक वजह कई साथियों का कांग्रेस छोड़कर चले जाना है।



**छिंदवाड़ा सीट**- 70 सालों से ज्यादा समय से यह सीट कांग्रेस के पास है। वहीं, बीते 45 सालों से यहां नाथ परिवार का सदस्य जीत रहा है। हालांकि, 1997 में हुए उपचुनाव में राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने कमलनाथ को 37 हजार से ज्यादा मतों से हरा दिया था। इसके बाद अगले ही साल कमलनाथ ने भी पटवा को बड़े अंतर से हराया। कमलनाथ यहां 1980 से 2019 के बीच 9 बार सांसद रहे। 2018 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कमान बेटे को सौंपी और 2019 में मोदी लहर के बावजूद नकुलनाथ एमपी की यह सीट जीतने में कामयाब रहे। खास बात है कि तब छिंदवाड़ा एकमात्र ही ऐसी सीट थी, जिसे भाजपा जीतने में नाकाम रही थी।

**क्या मुश्किल में हैं कमलनाथ** साल 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद से ही यहां से कांग्रेस नेताओं का दल बदलना जारी है। कमलनाथ का साथ छोड़ने वालों में कई कार्यकर्ता, पंचायत सदस्य, पार्षद, मेयर, पूर्व विधायक और मौजूदा विधायक तक शामिल हैं। इसके अलावा उनके कई करीबियों ने भी कांग्रेस से दूरी बना ली। नाथ परिवार के लिए बड़े झटकों में से एक अमरवारा से विधायक कमलेश शाह का जाना था। अब खास बात है कि इस क्षेत्र से ही साल 2019 में नकुलनाथ को जरूरी बढ़त मिली थी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने शाह को गद्दार तक करार दे दिया था। इसके अलावा 40 सालों से कमलनाथ के साथ और छिंदवाड़ा से दो बार के विधायक दीपक सक्सेना भाजपा में ले गए। सक्सेना ही थे, जिन्होंने 2019 में जब कमलनाथ सीएम चुने गए, तो उनके लिए अपनी सीट छोड़ी थी। कुछ समय पहले अटकलें थीं कि कमलनाथ बेटे नकुलनाथ के साथ भाजपा का रुख कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने अटकलों पर खुद ही विराम लगा दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा विधायक कैलाश विजयवर्गीय साफ कर चुके हैं कि नाथ परिवार के लिए भाजपा में कोई जगह नहीं है।

**भाजपा की तैयारी** 2019 में राज्य की महज एक सीट हारने वाली भाजपा इस बार 29-0 के मुकाबले की कोशिश में है। पार्टी ने यहां जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले साहू 2019 उपचुनाव और 2023 विधानसभा चुनाव में कमलनाथ के हाथों हार चुके हैं। शुक्रवार को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा छिंदवाड़ा पहुंचे थे।

## *UPI* का नया ऑप्शन, इस *App* का करें इस्तेमाल, बैंक अकाउंट के बिना होगी पेमेंट

नई दिल्ली । यूपीआई पेमेंट का इस्तेमाल तो हर कोई करता है। लेकिन कई बार आपको यूपीआई पेमेंट में काफी परेशानी होती है। बैंक अकाउंट में पैसे नहीं होने की स्थिति में भी आप ऐसा नहीं कर पाते हैं। ने अब के साथ टाइअप किया है। इसकी मदद से आप रिचार्ज कर पाएंगे। साथ ही वह बैंक के साथ मिलकर नया क्रेडिट

कार्ड भी लाने वाली है। Amazon ने RBL Bank के साथ भी पार्टनरशिप की है। इसकी मदद से आप प्लेटफॉर्म पर यूपीआई पेमेंट कर पाएंगे। फाइनेंशियल एक्सप्रेस

की रिपोर्ट की मानें तो Amazon Pay की तरफ से नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ भी पार्टनरशिप की जा रही है। इसकी मदद से यूजर्स को क्रेडिट ऑप्शन भी मिल सकते हैं। यानी आपके बैंक अकाउंट में पैसे नहीं होने की स्थिति में भी आप आसानी से यूपीआई पेमेंट कर पाएंगे। क्रेडिट कार्ड से यूपीआई-क्रेडिट कार्ड की मदद से भी आप किसी को पेमेंट कर सकते हैं। आपको कुछ करने की जरूरत नहीं होती है। सिंपल पेमेंट के ऑप्शन में जाना होता है और यहां आपको बहुत सारे ऑप्शन दिए जाते हैं। स्कैन करने के बाद आपको कुछ करने की जरूरत नहीं होती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मॉब लिंचिंग के मामलों को धर्म से जोड़ना गलत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मॉब लिंचिंग की घटनाओं को धर्म के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। मॉब लिंचिंग और गाय रक्षा के नाम पर होने वाली हिंसा को रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से छह हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अगुआई वाली बेंच ने इस मामले में राज्य सरकारों से ऐक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट में महिला संगठन की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में कहा गया है कि 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग रोकने को आदेश जारी किया था, उस पर अमल किया जाना चाहिए। कोर्ट के पूछने पर याचिकाकर्ता ने बताया था कि याचिका में उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड का जिक्र नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सिलेक्टिव मत बनिए, क्योंकि यह मामला सभी राज्यों से जुड़ा है।



**ज्यादातर राज्यों ने दायर नहीं किया हलफनामा** सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें दिख रहा है कि ज्यादातर राज्यों ने अभी तक हलफनामा दायर नहीं किया है। राज्यों से उम्मीद की जाती है कि वह बताएं कि इस मामले में उन्होंने क्या ऐक्शन लिया है। छह हफ्ते के अंदर राज्यों को बताना है कि उन्होंने हिंसा को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दिए निर्देश** याचिकाकर्ता के वकील कॉलिन गोंजाल्विस ने आरोप लगाते हुए कहा कि मॉब लिंचिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का कई राज्यों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई कि वह देश भर के राज्यों को निर्देश जारी करे कि वह डेटा अपलोड करें और नोडल ऑफिसर नियुक्त करें। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग रोकने के लिए 2018 में तहसीन पूनावाला केस में फैसला दिया था और गाइडलाइंस जारी किए थे। गाइडलाइंस के पालन के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में पिछली सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल ने कहा था कि होम मिनिस्ट्री राज्यों के साथ मीटिंग करेगा और डेटा तैयार किया जाएगा। मामले की सुनवाई के दौरान बताया कि कई राज्यों ने अपनी रिपोर्ट दी है लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक मीटिंग में क्या रिजल्ट निकले उस बारे में नहीं बताया है।

# जुगाड़ः पहले गांव में महीनों तक नहीं उगता था सूरज, अब 6 घंटे आती है धूप



**नई दिल्ली** । इटालियन-स्विस सीमा पर एक घाटी में बसा एक छोटा सा गांव विगानेला अजीब समस्या का सामना कर रहा था. पहाड़ों से घिरा यह शहर हर साल नवंबर से फरवरी तक तीन महीने अंधेरे में डूबा रहता था क्योंकि पहाड़ के चलते धूप दिखाई ही नहीं देती थी। धूप की कमी के कारण यहां आबादी कम होने लगी. वाइस न्यूज़ के अनुसार, 1999 में तत्कालीन मेयर फ्रेंको मिडाली ने इसके लिए एक साहसिक समाधान प्रस्तावित किया. उन्होंने कहा कि शहर के चौक पर सूरज की रोशनी के रिफ्लेक्शन के लिए एक बड़ा आइना लगना चाहिए। आर्किटेक्ट जियाकोमो बोनज़ानी ने ये चैलेंज एक्सेप्ट किया और इंजीनियर जियानी फेरारी की मदद से आठ मीटर चौड़ा, पांच मीटर लंबा आइना डिजाइन किया. 2006 में तैयार इस शीशे को सूर्य के पाथ को ट्रैक करने के लिए प्रोग्राम किया गया है, जो दिन में छह घंटे तक सूर्य की रौशनी को रिफ्लैक्ट करता है. एक तरह से शहर में एक नकली सूरज को तैयार किया गया। हालांकि ये सूर्य के प्रकाश जितना तेज़ तो नहीं होता है, लेकिन लोगों को हल्की धूप और गर्मी मिलती है. इस खास शीशे का उपयोग केवल सर्दियों के महीनों के दौरान किया जाता है और बाकी साल के दौरान ये ढंका रहता है. इस परियोजना ने न केवल व्यावहारिक लाभ लाए हैं बल्कि इसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोगों का ध्यान खींचा है। पूर्व मेयर मिदाली ने 2008 के एक इंटरव्यू में कहा था, इस प्रोजेक्ट के पीछे के विचार का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, बल्कि मानवीय आधार है. इसके चलते लोग सर्दियों में घरों से बाहर निकल सकते हैं जो कि पहले घरों में कैद हो जाते थे . विगानेला की सफलता की कहानी ने कई और इलाकों को प्रेरित किया है. 2013 में, दक्षिण-मध्य नॉर्वे की एक घाटी में स्थित रजुकन में ऐसा ही एक शीशा स्थापित किया गया था।

# पीएम ऋषि सुनक ने इस्राइल की सुरक्षा के लिए दोहराई समर्थन की बात

**नई दिल्ली** । ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को अपने इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सप्ताहांत में ईरान के हमले के बाद इस्राइल की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के समर्थन की बात दोहराई। ब्रिटेन के पीएम ने कहा कि तनाव के और ज्यादा बढ़ने से क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ेगी। एक्स पर एक पोस्ट में, ऋषि सुनक ने कहा, आज पहले, मैंने प्रधान मंत्री नेतन्याहू से बात की और बीते वीकेंड पर ईरान के लापरवाह हमले के बाद इस्राइल की सुरक्षा के प्रति अपना समर्थन दोहराया। तनाव में वृद्धि केवल क्षेत्र में अस्थिरता को गहरा करेगी। यह शांत रहने का समय है। वार्ता के दौरान, सुनक ने कहा कि ईरान ने बहुत बुरी तरह से अनुमान लगाया और जी-7 की राजनीतिक पहल के बाद अलग-थलग पड़ गया। । उन्होंने जोर देकर कहा कि तनाव में वृद्धि केवल मध्य पूर्व में असुरक्षा को गहरा करेगी। उधर, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार को ईरान के लापरवाह और खतरनाक हमले के बाद तेजी से और मजबूत समर्थन के लिए ब्रिटेन को धन्यवाद दिया। गाजा पर, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि वह मानवीय संकट के गहराने के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन महत्वपूर्ण आपूर्ति के साथ गाजा तक सहायता पहुंचाने में बड़े पैमाने पर बदलाव देखना चाहता है। इनमें इस्राइल की ओर से जल्द से जल्द नए सहायता मार्ग खोलना शामिल है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, यह बहुत निराशाजनक था कि हमास ने सप्ताहांत में एक समझौते पालन नहीं किया जो फिलिस्तिनियों को बचाव जीवन को बचा सकता था और बंधकों की सुरक्षित रिहाई को सुरक्षित कर सकता था।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569